आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

● वर्ष- 15 अंक 301 ● कटनी ● बुधवार, 8 दिसम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-5 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

## कोरोना ने फिर बढ़ाई टेंशन

नई दिल्ली । ओमिक्रॉन के खतरे के बीच कोरोना ने एक बार फिर से टेंशन बढ़ा दी है। दरअसल, आज यानी बुधवार को मंगलवार की तुलना में 1500 से अधिक मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा बुधवार को जारी आंकड़े के अनुसार बीते 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 8,439 मामले सामने आए हैं और 195 लोगों की मौत हो गई है। इस दौरान 9,525 लोग स्वस्थ

## फटाफट खबरें

### स्कूल के प्रिंसिपल और 3 शिक्षकों ने किया छात्रा से गैंगरेप

नई दिल्ली। राजस्थान में स्कूल की एक छात्रा ने जब अपने पिता को बताया कि उसके स्कूल के प्रिंसिपल और तीन शिक्षकों ने उसके साथ गैंगरेप किया तब उनके होश उड़ गये। मामला अलवर जिले का है। यहां के एक सरकारी स्कूल में 10वीं क्लास में पढ़ने वाली छात्रा का आरोप है कि स्कूल की ही दो अन्य महिला शिक्षिकाओं ने इस घिनौने कृत्य का वीडियो भी बनाया। बताया जा रहा है कि लड़की के पिता पेशे से एक ट्रक ड्राइवर हैं और उसकी मां मूक-बधिर हैं। लड़की के पिता काम के सिलसिले में अक्सर बाहर रहते हैं। हाल ही में जब वो अपने घर लौटे तो उन्हें पता चला कि उनकी बेटी ने स्कूल जाना छोड़ दिया। पिता ने जब अपनी बेटी से इस संबंध में बातचीत की तब एक खौफनाक वारदात का खुलासा हुआ। छात्रा ने बताया कि स्कूल की दो महिला टीचर्स ने उसे मुफ्त में ड्रेस, कॉपी और किताब देने के लालच के साथ ही उसकी फीस भरने का लालच दिया। बाद में वो उसे स्कूल के पास ही रहने वाले एक टीचर के घर ले गई। वहां स्कूल के प्रिंसिपल और दो अन्य टीचर पहले से शराब पी रहे थे। वहां जाने के बाद एक महिला टीचर ने उसके कपड़े उतरवाये। बाद में सभी चार पुरूष शिक्षकों ने उसके साथ गैंगरेप किया। इस दौरान दोनों महिला टीचर वीडियो बनाती रही।

### बांग्लादेश में 20 लोगों को फांसी की सजा

ढाका। बांग्लादेश की राजधानी ढाका में एक स्पीडी ट्रायल ट्राइब्यूनल ने एक छात्र की हत्या के आरोप में 20 दोषियों को मौत की सजा सुनाई और पांच अन्य को उम्रकैद दी। ये सभी बांग्लादेश यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के छात्र रहे अबरार फहाद की एक फेसबुक पोस्ट के लिए हत्या करने के आरोपी थे। मामले में ट्राइब्यूनल ने बुधवार को ही अपना आखिरी फैसला सुनाया। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, अबरार ने बांग्लादेश और भारत के बीच हुए समझौतों की आलोचना करते हुए फेसबुक पोस्ट लिखा था।
बांग्लादेश की कुछ वेबसाइटों में छपी खबर के मुताबिक, ट्राइब्यूनल ने 14 नवंबर को सुनवाई पूरी कर ली थी और फैसले के लिए 28 नवंबर की तारीख तय की थी। हालांकि, बाद में ट्राइब्यूनल ने कहा कि वह आठ दिसंबर को फैसला सुनाएगी।

### इजरायल ने फिर किया ईरान को टारगेट, सीरिया पोर्ट पर नष्ट किए ईरानी हथियार

नई दिल्ली। इजरायल ने 7 नवंबर को एक सीरियाई पोर्ट पर ईरानी हथियारों की एक खेप पर एयर स्ट्राइक किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इजरायल का ईरान पर इस तरह का पहला हमला है। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि इजरायली हमने ने कंटेनर यार्ड में एक ईरानी हथियार शिपमेंट को सीधे निशाना बनाया है। सीरियन ऑब्जर्वेटरी ने भारी नुकसान की रिपोर्ट दी है लेकिन हताहतों की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं दी है।सीरियाई सरकारी मीडिया ने लताकिया बंदरगाह पर कंटेनर यार्ड पर हमले की सूचना दी है लेकिन यह साफ नहीं किया कि हमले का लक्ष्य क्या था। सरकारी न्यूज एजेंसी सना के मुताबिक स्ट्राइक 1ः23 बजे हुई।

# क्रिप्टोकरेंसी के लेनदेन पर हो सकती है जेल

## बिना वारंट गिरफ्तारी का बनेगा कानून, विज्ञापन पर भी रोक

मुंबई । सरकार संसद में चल रहे शीतकालीन शत्र में क्रिप्टोकरेंसी को लेकर सख्त कानून बना सकती है। इसके तहत क्रिप्टोकरेंसी में लेनदेन करने पर गैर जमानती धाराओं में बिना वारंट गिरफ्तारी कर जेल भेजा जा सकता है। इसके अलावा 20 करोड़ रुपये तक जुर्माने का भी प्रावधान होगा।मामले से जुड़े अधिकारी ने बताया कि संसद में पेश होने वाले बिल के अनुसार, क्रिप्टोकरेंसी की खरीद-बिक्री, जमा करने या होल्ड करने का काम सिर्फ एक्सचेंज के जरिये ही किया जाएगा।



इसमें से किसी भी नियम का उल्लंघन करने पर बिना वारंट गिरफ्तार किया जा सकता है, जो गैर जमानती होगा। सरकार 20 करोड़ रुपये तक जुर्माना और डेढ़ साल की सजा का नियम भी बना सकती है। इसके अलावा क्रिप्टोकरेंसी के अंधाधुंध विज्ञापनों पर भी रोक लगाने की तैयारी में है, क्योंकि इससे निवेशकों को गलत जानकारी देकर उकसाने की शिकायतें मिली हैं। बिल में क्रिप्टोकरेंसी को होल्ड करने वाले वॉलेट पर भी प्रतिबंध लगाया जा सकता है और यह काम सिर्फ एक्सचेंज के जरिये करने की छूट होगी। एक अनुमान के मुताबिक, करीब दो करोड़ भारतीयों ने क्रिप्टोकरेंसी में 45 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया है।

### निवेशकों को समय देगी सरकार

क्रिप्टोकरेंसी को लेकर बनने वाले कानून में सरकार निवेशकों को संपत्ति की घोषणा करने और नए नियमों का पालन करने के लिए पर्याप्त समय दे सकती है। इससे स्पष्ट है कि सरकार की मंशा इस पर पूर्ण प्रतिबंध के बजाए नियमन करने की है। बिल में क्रिप्टोकरेंसी के बजाए क्रिप्टोएसेट शब्द का इस्तेमाल किया जाएगा। साथ ही छोटे निवेशकों के हितों की सुरक्षा के लिए निवेश की न्यूनतम सीमा भी तय की जाएगी।

### सेबी करेगा क्रिप्टो एक्सचेंज की निगरानी

सूत्रों का कहना है कि बाजार नियामक सेबी को क्रिप्टोकरेंसी एक्सचेंज की निगरानी का जिम्मा सौंपा जाएगा। इसे संपत्ति के रूप में वर्गीकृत किए जाने के बाद सिर्फ निवेश की छूट रहेगी और सेबी पूंजी बाजार की तरह इसका नियमन भी करेगा।

## WHO के टॉप ऑफिसर का दावा

# कोविड वैक्सीन को पूरी तरह चकमा नहीं दे सकेगा ओमिक्रॉन



नई दिल्ली। कोरोना वायरस के ओमिक्रॉन वेरिएंट ने दुनिया के कई मुल्कों की चिंता बढ़ा रखी है। कोविड-19 के इस नये स्वरूप को लेकर कहा जा रहा है कि यह ज्यादा संक्रामक है। लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अब इन सभी आशंकाओं पर विराम लगा दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक शीर्ष अधिकारी ने न्यूज एजेंसी से बातचीच में कहा है कि इस बात की कोई वजह नहीं है जिससे की अंदाजा लगाए जाए कि ओमिक्रॉन इससे पहले सामने आ चुके कोरोना के अन्य वेरिएंट से ज्यादा तीव्र है या मौजूदा वैक्सीन इसके खिलाफ असरदार नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के इमरजेंसिज डायरेक्टर, माइकल रयान ने एक साक्षात्कार में कहा कि अभी ऐसे कोई भी संकेत नहीं मिले हैं जिसके जरिए यह कहा जा सके कि ओमिक्रॉन अत्यधिक संक्रामक है और पूर्व में पाए गए डेल्टा जैसे कुछ अन्य वेरिएंट से ज्यादा यह खतरनाक या जानलेवा है। माइकल रयान ने कहा, च्हमारे पास उच्च क्षमता के वैक्सीन मौजूद हैं, जिन्होंने अब तक कोरोना के विभिन्न स्वरूपों पर बेहतरीन काम किया है। यह वैक्सीन ओमिक्रॉन पर काम नहीं करेंगे इसकी कोई वजह अब तक सामने नहीं आई है।

## किसानों की सारी मांगें मान केंद्र सरकार ने SKM को भेजी चिट्ठी

नई दिल्ली। सरकार ने किसानों की सभी मांगें मान ली हैं। जी हां, जानकारी के मुताबिक केंद्र सरकार की तरफ से संयुक्त किसान मोर्चा को एक खत भेजा गया है। इस खत के जरिए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने किसानों को सूचित किया है कि उनकी सभी मांगें मान ली गई हैं। हालांकि, अभी किसानों का आंदोलन खत्म नहीं हुआ है। ऐसा कहा जा रहा है कि गुरुवार को किसानों का आंदोलन खत्म हो सकता है। **ये है किसानों की मांगें**-- किसान संगठन किसानों पर दर्ज सभी मुकदमों को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। किसान साल 2017 से लटके मामलों का हवाला दे रहे हैं। - किसान आंदोलन के दौरान मरने वाले किसानों के आश्रितों को पंजाब मॉडल के तर्ज पर मुआवजा दिया जाए। इसके तहत मृत किसानों के परिजनों को 5 लाख रुपया और घर के किसी एक सदस्य को नौकरी दी जाए।- लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय मिश्रा की बर्खास्ती की जाए।



## महिलाओं के कपड़े उतरवाकर की लाठी-डंडों से पिटाई, सड़क पर नग्न अवस्था में कराई गई परेड

**पाकिस्तान में इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना**

इस्लामाबाद । पाकिस्तान से इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां के पंजाब प्रांत के फैसलाबाद में चार महिलाओं के साथ बदसलूकी की गई। बीच सड़क पर उनके कपड़े उतरवाए गए, इसके बावजूद लोग नहीं माने और लाठी-डंडों से उनकी पिटाई भी की। घटना का पूरा वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। करीब एक घंटे तक चले इस घटनाक्रम में चारों महिलाएं दया की भीख मांगती हुई नजर आ रही हैं।

### दुकान से चोरी का लगाया आरोप

पीड़ित महिलाओं ने बताया कि वे फैसलाबाद के एक बाजार में कूड़ा बीनने गई हुई थीं। इसी बीच उनको प्यास लगी तो वे उस्मान इलेक्ट्रिक स्टोर पर जाकर पानी की बोतल मांगने लगीं। लेकिन दुकान मालिक सद्दाम ने उन्हें दुकान से चोरी करने वाला समझ लिया और आरोप लगाकर पिटाई शुरू कर दी। इसी बीच वहां भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ ने महिलाओं के कपड़े उतरवाए, उन्हें सड़क पर नंगा चलाया और उनकी पिटाई भी की।

## आरबीआई का बड़ा फैसला, नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं, यथावत रहेंगी

नई दिल्ली। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में गहन-विचार विमर्श और कोरोना के नए ओमिक्रॉन वैरिएंट के प्रकोप को देखते हुए नीतिगत दरों को यथावत रखने का फैसला किया गया, यानी दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समीक्षा के लिए हर दो महीने में होने वाली तीन दिवसीय बैठक आज संपन्न हो गई। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में गहन-विचार विमर्श और कोरोना के नए ओमिक्रॉन वैरिएंट के प्रकोप को देखते हुए नीतिगत दरों को यथावत रखने का फैसला किया गया। यानी दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## साउथ अफ्रीका दौरे से पहले टीम इंडिया को झटका

## जड़ेजा, शुभमन, अक्षर और इशांत की चोट गंभीर हो सकते हैं टेस्ट सीरीज से बाहर

नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू हो रही टेस्ट सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान जल्द हो सकता है। एक अंग्रेजी दैनिक की एक खबर के अनुसार टीम के ऐलान से पहले चार खिलाड़ी चोटिल पाए गए हैं। ये खिलाड़ी साउथ अफ्रीका दौरे पर शायद टीम का हिस्सा नहीं होंगे। चोटिल खिलाड़ियों में इशांत शर्मा, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और शुभमन गिल शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार ये चारों खिलाड़ी फिट नहीं हैं। रवींद्र जडेजा और इशांत न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में भी नहीं खेले थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि जडेजा




लिगामेंट टियर से जूझ रहे हैं। वहीं, इशांत की उंगली डिसलोकेट हो गई है। मुंबई टेस्ट से पहले जडेजा को लेकर आया था बयान क्ष्ष्टद्ब ने मुंबई टेस्ट से पहले जडेजा को लेकर कहा था, च्कानपुर में पहले टेस्ट मैच के दौरान ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को दाहिने हाथ में चोट लगी थी। स्कैन कराने के बाद पता चला कि उनके कंधे में सूजन है। उन्हें आराम करने की सलाह दी गई है और इसलिए उन्हें मुंबई में दूसरे टेस्ट से बाहर कर दिया गया है।ज्ञ दूसरे टेस्ट में जडेजा की जगह जयंत यादव को मौका मिला था।टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का भी साउथ अफ्रीका दौरे पर जाना मुश्किल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गिल की पैर की चोट दोबारा से उभर आई है। इससे पहले भारत के इंग्लैंड दौरे पर भी गिल को चोट लगी थी। उन्हें दौरा बीच में ही छोड़ना पड़ा था। न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई में खेले गए दूसरे टेस्ट में भी उनके बाएं हाथ पर चोट लगी थी।



## भोपाल-इंदौर में पुलिस कमिश्नर सिस्टम का ड्राफ्ट फाइनल

### मुख्यमंत्री की मंजूरी का इंतजार

**2-3 दिन में जारी हो सकती है अधिसूचना**

भोपाल। भोपाल और इंदौर में पुलिस कमिश्नर सिस्टम एक-दो दिन में लागू होने की उम्मीद है। राज्य शासन ने इसकी अधिसूचना का ड्राफ्ट फाइनल कर लिया है। अब मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की मंजूरी मिलते ही इसे लागू कर दिया जाएगा। सिस्टम के अस्तित्व में आने के साथ ही दोनों शहरों के पहले पुलिस कमिश्नर व अन्य अफसरों की पोस्टिंग का आदेश भी जारी किया जाएगा। मंत्रालय सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री 13 दिसंबर को बनारस जाएंगे। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक लेंगे। इसमें राज्यों के नवाचार व विकास के कामों का प्रेजेंटेशन होगा। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री के बनारस जाने से पहले दोनों शहरों में पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू हो जाएगा। दूसरी तरफ अफसरों में चर्चा है कि आईएएस लॉबी के अप्रत्यक्ष तौर पर पुलिस कमिश्नर सिस्टम का विरोध किया जा रहा है।

## आज शाम आकाश में दिखेगा दुर्लभ

# चांद के संग तीन ग्रहों के भी करें दीदार

भोपाल । आठ दिसंबर, जबकि दिन की अवधि घटकर लगभग 10 घंटे 46 मिनट है, तब सर्दियों की सुहावनी शाम में सौर परिवार के दो विशाल ग्रह और एक सबसे चमकदार ग्रह पश्चिमी आकाश में एक साथ देखे जा सकते हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने साल की विदाई वाले माह में शाम के आकाश से विदा लेते ग्रहों के बारे में जानकारी दी।
सारिका ने बताया कि सर्दी के सीजन में दिन छोटे और रातें लंबी होने लगती हैं। देर तक चलने वाली रातों की शुरुआत तेज चमकते



शुक्र के साथ होती है। इसके कुछ देर बाद सौर परिवार का सबसे विशाल ग्रह बृहस्पति आकाश में अपनी उपस्थिति देता है। शाम ढलते-ढलते सौर परिवार का सबसे सुंदर ग्रह शनि इन दानों ग्रहों के बीच कुछ हल्की चमक के साथ देखा जा सकता है। सारिका ने बताया कि बुधवार रात 9 बजकर 56 मिनट तक हंसियाकार चंद्रमा भी इनका साथ देगा। जैसे-जैसे वर्ष 2021 की विदाई की बेला आएगी, आकाश में इन ग्रहों का दिखना भी धीरे-धीरे कम होता जाएगा। दो बड़े ग्रहों जुपिटर (शुक्र) एवं सेटर्न (शनि) का शाम के आकाश में दीदार करने के लिए सितंबर माह तक इंतजार करना होगा।

### एक नजर

ग्रह — अस्त होने का समय — दृश्यता
शुक्र — रात 8 बजकर 16 मिनट — अच्छे से देखा जा सकता है।
बृहस्पति — रात 10 बजकर 43 मिनट — अच्छे से देखा जा सकता है।
शनि — रात 9 बजकर 27 मिनट — औसत रूप से देखा जा सकता है।
बुध — शाम 5 बजकर 51 मिनट — देखना मुश्किल।





## NASA के मून मिशन के 10 अंतरिक्ष यात्रियों में भारतवंशी अनिल मेनन भी

नई दिल्ली। यह भारत के लिए गर्व भरी खबर है। भारत मूल के एक अंतरिक्ष वैज्ञानिक को ह्र्र ने बड़ी जिम्मेदारी दी है और अपने एक महत्?वाकांक्षी मिशन में शामिल किया है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने महत्वाकांक्षी मून मिशन के लिए 10 अंतरिक्ष यात्रियों का चयन किया है। इनमें अमेरिकी वायुसेना में लेफ्टिनेंट कर्नल और स्पेसएक्स के पहले फ्लाइट सर्जन भारतवंशी अनिल मेनन भी शामिल हैं। नासा ने सोमवार को अंतरिक्ष यात्रियों की नई श्रेणी की घोषणा की। इनमें छह पुरुष व चार महिलाएं शामिल हैं। मार्च 2020 में 12,000 यात्रियों ने इसके लिए आवेदन किया था। ये अंतरिक्ष यात्री आर्टेमिस जनरेशन का हिस्सा होंगे। यह नाम नासा के आर्टेमिस कार्यक्रम से प्रेरित है(







## खरबूजा महल में विक-कैट की संगीत सेरेमनी

**बचना ए हसीनों..., तू मेरा हीरो... जैसे गानों पर नाचे दूल्हा-दुल्हन**

सवाई माधोपुर। विक-कैट की शादी की रस्में शुरू हो चुकी हैं। अब तक 50 से ज्यादा मेहमान बरवा ?ा फोर्ट होटल पहुंच चुके हैं। यहां संगीत सेरेमनी शुरू हो चुकी है। च्बचना ए हसीनों..., तू मेरा हीरो.., पिला दे पेग बलिए.., यह दुनिया ऊटपटांगा... और यलो यलो सॉलिड मस्ती छाई... जैसे गानों पर दूल्हा-दुल्हन ने जमकर डांस किया। उनके फैमिली मेंबर्स और करीबी मेहमान भी खूब थिरके। इस मौके पर रंग-बिरंगी लाइटों से सजे किले में आतिशबाजी भी की गई।
इससे पहले कटरीना के हाथों पर सोजत की मेहंदी रचाई गई। ये मेहंदी एक कारोबारी ने उन्हें गिफ्ट के तौर पर भेजी है। कटरीना के साथ उनके और विक्की के फैमिली मेंबर को भी मेहंदी लगाई गई। करीब 1 घंटे तक चले मेहंदी कार्यक्रम के बाद संगीत सेरेमनी की तैयारियां शुरू हुईं। पूरे फोर्ट को खूबसूरत रोशनी और लाइट से सजाया गया है। इसी जगह संगीत सेरेमनी हो रही है। ऊपर खरबूजा महल दिख रहा है। नीचे चट्टान पर प्लेटफॉर्म बनाया गया है, जहां कलाकार, विक-कैट और उनके फैमिली मेंबर्स परफॉर्म करेंगे। यह फोटो करीब एक महीने पुरानी है।इसी जगह संगीत सेरेमनी हो रही है। ऊपर खरबूजा महल दिख रहा है। नीचे चट्टान पर प्लेटफॉर्म बनाया गया है, जहां कलाकार, विक-कैट और उनके फैमिली मेंबर्स परफॉर्म करेंगे। यह फोटो करीब एक महीने पुरानी है।संगीत सेरेमनी खरबूजा महल के नीचे बने एक लॉन में हो रही है। यहां चट्टान पर एक प्लेटफॉर्म बनाया गया है। लॉन को ओपन थिएटर की तर्ज पर तैयार किया गया है। सेरेमनी में राजस्थानी और पंजाबी थीम का त ?का लगा है। सूत्रों के मुताबिक, विक्की और कटरीना पंजाबी के साथ राजस्थानी गीतों पर भी परफॉर्म करेंगे। इसी लॉन में स्पेशल गेस्ट के लिए डिनर का इंतजाम है।

## कांग्रेस की मीटिंग में बोलीं सोनिया

# किसान आंदोलन में जान गंवाने वाले 700 लोगों का हो सम्मान

नई दिल्ली। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने बुधवार को पार्टी की संसदीय दल की मीटिंग में मोदी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने किसानों के आंदोलन, सीमा की सुरक्षा और विनिवेश के मुद्दे को उठाते हुए मोदी सरकार को घेरा। उन्होंने सीमा सुरक्षा को लेकर कहा कि सरकार को इस मुद्दे पर संसद में विस्तृत चर्चा करनी चाहिए। सोनिया गांधी ने कहा कि देश में महंगाई चरम पर है और लोग अब बदलाव चाहते हैं। एक तरफ सरकार देश की संपत्ति को बेच रही है तो वहीं दूसरी तरफ आम लोग महंगाई से त्रस्त हैं। सोनिया गांधी ने राज्यसभा से 12 सांसदों के



निलंबन पर भी सरकार को खूब सुनाया। उन्होंने कहा कि सरकार का यह कदम अस्वीकार्य है। हम निलंबित हुए सांसदों के साथ खड़े हैं और सरकार को इसे वापस लेना ही होगा। बता दें कि कांग्रेस महंगाई के मुद्दे पर 12 दिसंबर को एक बड़े प्रदर्शन की तैयारी में भी है। इस मीटिंग के दौरान सोनिया गांधी ने किसान आंदोलन को लेकर भी मोदी सरकार पर निशाना साधा। कांग्रेस लीडर ने कहा, च्अब उन 700 किसानों का सम्मान होना चाहिए, जिन्होंने आंदोलन के दौरान जान गंवा दी। किसानों और आम लोगों के प्रति मोदी सरकार असंवेदनशील है। जरूरी चीजों की कीमतों में तेजी से इजाफा होने के चलते हर परिवार का मासिक बजट बिगड़ गया है।

# खिरहनी के बाद अब मिशन चौक ओव्हरब्रिज के नीचे पार्किंग से परेशानी

## प्रत्येक खंड में तथाकथित कब्जा, मुफ्त में मिल गया पार्किंग स्लाट

**कटनी।** शहर के बिगड़े यातायात को सुधारने के लिए यातायात विभाग के पास शायद कोई योजना नहीं है। सड़क पर वाहनों की पार्किंग से आए दिन जाम लग रहा है। इधर खिरहनी फाटक के बाद अब निर्माणाधीन मिशन चौक ओव्हर ब्रिज के नीचे कतिपय वाहन मालिकों को पार्किंग का स्लाट मिल गया है। और तो और इन लोगों का यह पार्किंग स्लाट कुछ ऐसा है जैसे इन्हें नगर निगम अथवा यातायात विभाग ने यह स्लाट एलाट कर दिया हो। खिरहनी ओव्हर ब्रिज के नीचे पेट्रोल पंप के सामने तो हालात यह हैं कि वाहनों के कारण आत दायी से बांयी तरफ भी नहीं जा सकते। मतलब अघोषित कब्जा। जिम्मेदार विभाग का ध्यान नहीं यही कारण है कि कटनी शहर का यातायात सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। अब बात शहर की करें तो पूरा शहर में दुकानें लगी नजर आती हैं। नगरनिगम के जिम्मेदार सौ-सौ रुपये की पर्ची काटकर अपनी जिम्मेदारी पूरी कर लेते हैं। इस सबसे परेशान होता है शहर का आम नागरिक। यातायात पुलिस द्वारा नहीं की जा रही है कार्रवाई, सड़कों पर खड़े रहे वाहन, दो पहिया व चार पहिया वाहन विभाग की उदासीनता की कहानी कह रहे हैं। शहर की सड़कों पर वाहनों के खड़ा होने से जाम लग रहा है। शहर की सड़कें दिन भर जाम से जूझती रहती है और लोग जाम में फंसकर परेशान होते रहते हैं। यह हाल हैं शहर की सड़कों के ~स्टेशन से वीआईपी रोड की ओर जाने वाले मार्ग के दोनों दो पहिया वाहनों की पार्किंग होने से दिन भर इस रोड में जाम की स्थिति बन रही है। दिन में करीब आधा दर्जन से अधिक बार जाम लगता है। दिलबहार चौराहे से वीआईपी रोड की ओर जाने वाले मार्ग पर जाम लग जाता है। इस मार्ग में भी दिन में कई बार जाम लगता है। इसका मुख्य कारण है कि सड़क पर वाहनों को खड़ा किया जाता है। साथ ही इसी मार्ग पर अतिक्रमण भी किया गया है। अस्थाई रूप से दुकानों को भी लगाया जा रहा है। अस्थाई रूप से दुकान लगाकर सड़कों पर अतिक्रमण कर लिया जाता है। इसकी वजह से भी जाम लगता है। वहीं दिलबहार चौराहे में भी दिन भर अराजकता फैली रहती है। दिन भर चौराहे में ऑटो रिक्शा खड़े रहते हैं। सड़कों के किनारे दो पहिया वाहनों की पार्किंग भी परेशानी का सबब बनी हुई है। चौराहे में सवारियों इंतजार में लगभग आधा दर्जन आटो रिक्शा खड़े रहते हैं। इसके कारण चौराहा ऑटो स्टैंड में तब्दील हो गया है। दिलबहार चौराहे से वीआईपी रोड की ओर जाने वाले मार्ग पर सड़क के दोनों और दो पहिया वाहनों की पार्किंग कर दी जाती है। वाहनों की पार्किंग किए जाने से मार्ग संकरा हो जाता है और फिर जाम लगने लगता है। दुकानों के सामने वाहनों की पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से दुकान संचालक से लेकर दुकान में आने वाले उपभोक्ता अपना वाहन सड़क पर ही खड़ा करते हैं। दिन भर वाहनों के सड़क पर खड़े होने से हर समय जाम की स्थिति बनती है।




# ट्रेनें चलीं भी तो अब एमएसटी का टेंशन

## आसपास जाने वाले सैकड़ों अपडाउनर्स परेशान

**कटनी।** जिले का बहुत बड़ा ऐसा वर्ग है जिनका नियमित तौर पर रोजगार, नौकरी या पढ़ाई के लिए आसपास के जिलों में आना-जाना होता है। ऐसे लोगों के लिए ट्रेन ही एक मात्र सहारा है। लेकिन पिछले डेढ साल से छोटी दूरी वाली ट्रेनों का परिचालन बंद होने से इन लोगों को खासी परेशानी हो रही है। अब जब रेलवे ने धीरे-धीरे ट्रेनों परिचालन फिर से शुरू करना शुरू कर दिया तो इन लोगों को उम्मीद जगी थी कि उनके लिए भी ट्रेन चालू हो जाएगी। ट्रेने चालू भी हो गईं तो मासिक टिकट नहीं मिल रही ऐसे में रोज कम से कम दूरी पर भी सौ रूपये से कम की टिकट नहीं मिल रही। अपडाउन करने वाले हजारों रूपये फूंक कर ट्रेनों में सफर कर रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशान नौकरी करने वाले तथा छात्रों को हो रही है। कटनी से करीब 50 किलोमीटर दूर बरही के नागरिको व छात्रों का समूह पहुंच गया खन्ना बंजारी रेलवे स्टेशन और स्टेशन मास्टर से मिल कर अपनी समस्या के समाधान के संबंध में ज्ञापन भी सौंपा। इन लोगों ने कहा था नागरिकों व छात्रों में ऐसे लोगों की तादाद ज्यादा पहले जबलपुर से सिंगरौली इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन होता रहा जो कोरोना काल में बंद हो गया।

# करोड़ों की लागत से बना भवन प्रशिक्षण नहीं दे पाया

## देश के प्रथम जैविक कृषक प्रशिक्षण केंद्र में उग गये पेड़ पौधे

**कटनी।** जिस भवन को कटनी की उपलब्धि बनना थी वह अब खंडहर बन गया है। शासकीय राशि का कैसे दुरुपयोग होता है। इसका उदाहरण कटनी के चाका बाईपास स्थिति प्रदेश का प्रथम जैविक कृषक प्रशिक्षण केंद्र बता रहा है। 2012 में यह केंद्र विभिन्ना शासकीय योजनाओं के प्रशिक्षण केंद्र के रूप में 5 एकड़ जमीन में करोड़ों की लागत से खोला गया लेकिन यह केंद्र एक दिन भी कृषकों को प्रशिक्षण नहीं दे पाया है। जिले में प्रदेश का प्रथम जैविक कृषक प्रशिक्षण को 23 मार्च 2012 को लोकार्पित किया गया था। तबसे ही यह करीब बंद स्थिति में है ही चल रहा है। यहां पर न तो कोई स्टॉफ सेंगसन हो पाया है न ही इसके लिए कोई मद शासन से आ सकी है। इस केंद्र का मकसद कटनी जिले में महाकौशल क्षेत्र के किसानों को जैविक कृषि संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां और प्रशिक्षण उपलब्ध कराना था। लेकिन यह नहीं हो सका। कटनी जिले में बड़ी उम्मीदों के साथ प्रदेश का प्रथम जैविक प्रशिक्षण केंद्र खोला गया था। लेकिन किसानों को यहां प्रशिक्षण उस तरीके से नहीं मिल पाया जैसे इसकी 2012 में शुरुआत हुई थी। किसान कल्याण व कृषि विकास तथा जिले के तत्कालीन प्रभारी मंत्री डॉ रामकृष्ण कुसमरिया मुख्य अतिथि थे। तब बड़े आश्वासन और उम्मीदें किसानों को दी गईं थीं। लेकिन अब कोई किसान यहां पर नहीं आता है। मुख्य गेट पर झाड़ झंकार उग आए हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की जैविक खेती को बढ़ाने की मंशा को साकार करने के लिए यह केंद्र शुरू किया गया था। लेकिन आज स्टाफ सहित प्रशासनिक उदासीनता के चलते लाखों की बिल्डिंग में शुरु हुआ यह प्रशिक्षण केंद्र बंद पड़ा रहता है। यहां पर जैविक खेती के गुर जानने के लिए पहुंचे किसानों को कोई भी जानकारी हाथ नहीं आती है। यहां पर हमेशा एक बड़ा ताला लगा रहता है। यहां शासकीय बिल्डिंग की स्थिति खराब है। एक ओर तो मिट्टी का परीक्षण कर उसमें हो रहे जैविक तत्वों की कमी को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है। दूसरी तरफ ऐसे संस्थान जहां पर किसानों को जागरुक किया जा सकता है। उन्हें लाखों की लागत से बनाकर यूं ही छोड़ा जा रहा है। यहां के लिए कोई बजट आवंटित नहीं किया गया है। कि कभी कोई प्रशिक्षण आयोजित हो जाता।



# अर्से बाद चमके रेलवे स्टाफ क्वार्टर

**कटनी।** रेल क्वाटर को नाम सुनते ही लोगों के मन में एक ऐसे घर की कल्पना आ जाती है तो कभी सफाई पुताई नहीं होने के बाद जीर्ण शीर्ण अवस्था में पहुंच जाता है लेकिन कटनी के एसकेपी तथा एनकेजे क्षेत्र में रेलवे क्वाटर देख कर यह कल्पना सही नहीं लगती। बताते हैं कि करीब 15 वर्षों से रेल क्वाटरों में रंगाई पुताई नहीं होने से यह एक दम बदरंग हो गये थे। दीपावली में भी जब सारा जिला रंग रोगन से दमकने लगता है तक रेल क्वाटर बदरंग व्यवस्था पर आंसु बहाते दिख रहे थे। बहरहाल देर आए दुरूस्त आये कटनी में एसकेपी तथा एनकेजे में बने रेल क्वाटरों में लबे वक्त के बाद पुताई सफाई की गई है। अब यह क्वाटर काफ सुदरता से दमक रहे हैं। मिली जानकार के अनुसार रेलवे ने सांसद विष्णुदत्त शर्मा की पहल के बाद इन क्वाटरों में पुताई रंगाई का जिम्मा किसी सिंह ट्रेडर्स को दिया था जिसने रेलवे क्वाटर में अच्छा काम किया है। क्वाटर में रहने वाले लोग भी इस कार्य से काफी संतुष्ट नजर आ रहे हैं। आपको बता दें कि रेलवे स्टाफ क्वाटर की सफाई पुताई के लिए क्षेत्रीय सांसद ने रेल अधिकारियों को पत्र लिखा था। बहरहाल एसकेपी तथा एनकेजे रेलवे स्टाफ क्वाटर फिर से नये जैसे दिखने लगे हैं।



# गजब है कटनी

## रेलवे का टिकट घर तो बंद मगर साइकिल स्टैंड की टिकट लेना जारी

### पांच नंबर प्लेटफार्म पर बना टिकिट घर कोराना के बाद से बंद, लोग हो रहे परेशान

**कटनी।** रेलवे ने कोरोना के बहाने यात्रियों से खूब पैसे वसूले तथा कथित गाइड लाइन का हवाला देकर नियम बदले ट्रेने बंद कीं, स्पेशल ट्रेने बनाई, किराया की छूट बंद की इधर कटनी जो कि प्रदेश का मुख्य जंक्शन है। यहां से रोजाना चारों दिशाओं की व लंबी दूरी की कई ट्रेनें गुजरती है। इसमें हजारों लोग सफर करते है। प्लेटफार्म क्रमांक 5 के बाहर बने टिकिट घर व पूछताछ केंद्र की व्यवस्था प्रभावित है। विगत कुछ माहों से पांच नंबर के बाहर बने टिकिट काऊंटर को बंद किया गया है। पूछताछ केंद्र भी सुनिश्चित नहीं है शहर का विस्तार होने से कई ग्रामीण दूर से आने वाले लोगों के लिए पांच नंबर पर बने टिकिट घर पास पड़ता है बंद होने के कारण यात्रीगणों को पैदल पुल पार करके मैन टिकिट घर तक जाना पड़ता है। बुजुर्ग दिव्यांग जनों को ऐसी परिस्थिति में बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। काउंटर बंद होने की वजह से प्लेटफार्म क्रमांक 2 के टिकिट काउंटर पर भीड़ का दबाव हमेशा बना रहता है। कई बार देखा गया है कि भीड़ की वजह से गाड़ी भी छूट जाने का सामना करना पड़ रहा है। अतः अतिशीघ्बंद काऊंटर को पुनः चालू करके समस्या के निदान के लिए जीवनोदय संस्था के अध्यक्ष एमजेए लूसियन ने माननीय रेल मंत्री नई दिल्ली, जीएम पश्चिम मध्य रेल जबलपुर व क्षेत्रीय प्रबंधक पश्चिम मध्य रेल कटनी को पत्र लिखकर मांग की है। इधर खास बात यह है कि टिकट घर तो जरूर बंद है लेकिन यहां साइकल स्टैंड चालू है। मतलब आपको ट्रेन की टिकट भले ही न मिले किन्तु वाहनो की टिकट जरूर लेना मजबूरी है। साइकल स्टेंड कर्मचारी हो अथवा नहीं वाहन चोरी चला जाए तो भी किसी की जिम्मेदारी नहीं पर दस से 50 रूपये आपको जरूर ही देना होंगे। अब जबकि कोरोना के तहत कई निर्णय समाप्त कर दिये गये हैं तब प्लेटफार्म नं पांच की ओर का टिकट घर क्यों नहीं शुरू किया जा रहा समझ से परे है।




# सभी मंडलों में 12 दिसंबर को एक साथ कार्यसमिति

## पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा एक्टिव मोड में

**कटनी।** पंचायत चुनावों को लेकर भले ही गैर दलीय आधार पर चुनाव होने तय हैं लेकिन इसे लेकर राजनीतिक बिसात बिछने लगीं हैं। कानूनी दांव पेंच में भले ही चुनावों को लेकर अभी भी असमंजस की स्थिति है लेकिन भारतीय जनता पार्टी इसे लेकर गंभीर और एक्टिव मोड में आ गई है। आपको बता दें कि पूरे प्रदेश में एक दिसंबर से 6 दिसंबर के बीच प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया गया इस प्रशिक्षण वर्ग के विषयों पर गौर करें तो साफ है कि पार्टी आने वाले किसी भी चुनाव की दृष्टि से तैयारियों में जुट गई है। अब खबर है कि 12 दिसंबर को सभी मंडलों में एक साथ कार्यसमिति का आयोजन होगा। भाजपा के नजरिये से कार्य समिति का आयोजन काफ अहम होता है। इस कार्य समिति की बैठक में उन विषयों पर चर्चा होती है जो स्थानीय स्तर पर होते हैं। कटनी जिला भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग के बाद अब एक साथ सभी मंडलों में कार्यसमिति आयोजित होना साफ तौर पर इशारा करता है कि पार्टी आने वाले पंचायत चुनाव को लेकर गंभीर हो गई है। माना जा रहा है कि पंचायत चुनाव में पार्टी पंच, सरपंच से लेकर जनपद और फिर जिला पंचायत तक अपना कब्जा करना चाहती है इसके लिए आने वाले समय में एक पुख्ता रणनीति के साथ काम किया जाएगा। भाजपा की कोशिश रहेगी कि किसी भी पद के लिए एक उम्मीदवार पर सहमति बने तथा बाकी दावेदार उसे जिताने के लिए जुट जाएं। वैसे वर्तमान समीकरण में जिला तथा जनपदों में भाजपा भारी है इसी तरह जिला पंचायत में भी उसी का कब्जा है। इसी कब्जे को बरकरार रखने कि लिए भाजपा आने वाले दिनों में निरंतर संगठन को सक्रिय रखेगी। एक के बाद एक कार्यक्रमों की लंबी फेहरीस्त आने वाली है ताकि कार्यकर्ता एक्टिव रहें।



# घर में लाश पड़ी रहने दो तुम तो आफिस आओ

**कटनी।** यहां रेलवे के एक सुपरवाइजर की अमानवियता की इस वक्त खूब चर्चा है। इस सुपरवाइजर ने काम ही कुछ ऐसा किया है। संवेदना से जुडे इस मामले पर अब क्षेत्रीय सांसद सहित रेलवे के आला अधिकारियों तक शिकायत पहुंची है। मिली जानकारी के अनुसार रेलवे के डिपो के सुपरवाइजर केपी सिंह से गत दिवस उनके एक अधीनस्थ कर्मचारी ने अवकाश मांगा। जिससे वह इतने क्रोधित हो गये कि न सिर्फ कर्मचारी को जमकर खरी खोटी सुनाई वरन उसके खिलाफ कार्रवाई की धमकी भी दे डाली। सुशांत के चाचा का निधन अचानक हो गया था जिसके बाद फोन पर उसने अवकाश मांगा। लेकिन सुपरवाइजर इस कदर भड़के कि साफ बोल दिये पहले आफिस आओ फिर अवकाश की बात करो। घर में लाश पड़ी है तो पड़ी रहने दो। पूरे डिपो में इस बात की चर्चा है। लोग कह रहे हैं कि यह एक अधिकारी की अपने कर्मचारियों के प्रति अमानवीय गैर संवेदना दर्शाता है। हालांकि इस मामले की शिकायत क्षेत्रीय सांसद को की गई है।

# ई-केवायसी के चक्कर में सुस्त पड़ी धान खरीदी


## जिले के 92 खरीदी केंद्रों में हो रही खरीदी

**कटनी।** जिले में 29 नवंबर से धान की खरीद शुरू हो गई है लेकिन केंद्रों में किसान नहीं पहुंच पा रहे हैं। इसके पीछे बड़ी वजह किसानों को मैसेज न पहुंच पाना है। मैसेज न पहुंच पाने की पीछे बड़ी वजह है किसानों का आधार लिंक नहीं है यानि ईकेवायसी नहीं है।

जिले के 92 खरीदी केंद्रों में खरीदी की रफ्तार इन औपचारिकता की वजर से इन दिनों सुस्त पड़ी है। अभी 92 में से 48 खरीदी केंद्रों में ही खरीदी का शुभारंभ हो सका है अभी 44 खरीदी केंद्रों में बोहनी भी नही हुई है। इसके पीछे प्रमुख वजह अधिकारी ईकेवायसी में परेशानी बता रहा है। इससे किसानों तक मैसेज नहीं पहुंच पा रहे हैं। अभी तक पूरे जिले में 225 किसानों से 2429 एमटी धान खरीदी की गई है। इसमें 470 क्विंटल का ट्रांसपोर्टेशन किया गया है। धान खरीद में पारदर्शिता लाने के लिए नया प्रयोग किया जा रहा है। अब किसान को आधार से मोबाइल नंबर लिंक कराना होगा। इसे ईकेवायसी नाम दिया गया है। नहीं कराने पर किसान अपना धान क्रय केंद्र पर नहीं बेच पाएंगे। इसके बाद किसानों को अपना बैंक विवरण भरने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे वह क्रय केंद्र व बैंक का चक्कर नहीं लगाने से बचेंगे। किसान अपना पंजीकरण विभाग के पोर्टल पर कराया है तो उन्हें आधार लिंक करवाना जरूरी था। ताकि धान की बिक्री के साथ ही पैसे के भुगतान की जानकारी किसानों को मिल सके। यह भी किसानों को बताया जा रहा है कि अपनी खतौनी समेत अन्य अभिलेख आधार नंबर, मोबाइल नंबर किसी अन्य से साझा नहीं करें। उसका दुरुपयोग किया जा सकता है। खरीदी को लेकर जब स्थिति जानी तो यहां पर सिर्फ दस किसानों को मैसेज भेजे गए थे। खरीदी प्रभारी मौके पर नहीं थे। कुल मिलाकर धान खरीदी में तकनीकी समस्या तथा अधिकारियों की उदासीनता से रफ्तार धीमी पड़ी है। शादी ब्याह के सीजन में वैसे भी किसान व्यस्त है थोड़ा समय निकाल कर अगर वह खरीदी केन्द्रों में पहुंचते हैं तो उन्हें तमाम परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज, शानदार दूसरा सप्ताह




रोजाना 2 शो दोपहर 2 बजे एवं रात्रि 10.15 बजे से
तड़प
कलाकार- अहान शेट्टी, तारा सुतारिया, सौरभ शुक्ला, कुमुद मिश्रा, सुमित गुलाटी आदि।
एडवांस बुकिंग चालू है

सिटी मॉल बरही रोड में
10 दिसम्बर से ऑल इंडिया रिलीज




रोजाना 3 शो दोपहर 12 बजे 4 :30, 5 :30 बजे से
VELLE
द क्राइम कॉमेडी फिल्म
एडवांस बुकिंग चालू है

नीरज सिनेप्लेक्स में




10 दिसम्बर से पब्लिक की मांग पर एक बार फिर
रोजाना 2 शो
दोपहर 12 :30 एवं 3 :15
एक्शन ड्रामा सुपरहिट फिल्म
सूर्यवंशी
केवल एक सप्ताह के लिए, संडे को 6 बजे का शो भी चलेगा
एडवांस बुकिंग चालू है

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

सिटी मॉल बरही रोड में
10 दिसम्बर से ऑल इंडिया रिलीज




रोजाना 5 शो दोपहर 12 :30, 3 बजे, शाम 7, 8 एवं रात्रि 9 :30 बजे
चंडीगढ़ करे आशिकी
रोमांस एवं कॉमेडी से भरपूर लव स्टोरी
एडवांस बुकिंग चालू है

यश भारत
# सिटी न्यूज
कटनी, बुधवार, 08 दिसम्बर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT–Epaper

**विकास को मोहताज चंडिका नगर क्षेत्र, न चलने के लिए पक्की सड़क और न ही लगी स्ट्रीट लाइट**

## टैक्स लेकर विकास करना भूला नगर निगम

**कटनी। शहर सीमा से लगे चंडिका नगर क्षेत्र विकास से कोसों दूर है। यहां नगर निगम द्वारा आज तक एक भी विकास कार्य नहीं कराए गए हैं। न तो चलने के लिए सड़क है और न ही प्रकाश की व्यवस्था। मूलभूत सुविधाओं के अभाव में क्षेत्र के लोग कई तरह की परेशानियों का सामना कर रहे हैं। क्षेत्र के लोगों का साफ कहना है कि वार्ड के पार्षद ने कभी भी इस क्षेत्र की सुध नहीं ली। लोगों ने कई बार नगर निगम के अधिकारियों का ध्यान इस ओर दिलाया लेकिन नगर निगम के अधिकारियों ने भी विकास कार्य कराने को लेकर रूचि नहीं दिखलाई। जिसका खामियाजा इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को भोगना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि नगर निगम को हर साल टैक्स देने के बाद भी विकास कार्य नहीं कराए जा रहे।**




शहर की आबादी बढ़ने के साथ ही आसपास के क्षेत्रों में जब बसाहट शुरू हुई तो उपनगरीय क्षेत्र कुठला के अंतर्गत आने वाले चंडिका नगर क्षेत्र में भी लोगों ने अपना रहवास बनाया। यहां बड़ी संख्या में लोगों ने जमीनें खरीदकर भवनों का निर्माण कराया और निवास करने लगे। चंडिका नगर क्षेत्र में मां चंडिका का प्रसिद्ध मंदिर भी स्थित है, जहां हर साल चैत्र और शारदेय नवरात्रि के अवसर पर विशाल धार्मिक आयोजन होता है, जिसमे पूरे क्षेत्र के साथ ही आसपास के अलाके से भी बड़ी संख्या में लोग इन आयोजनों में शामिल होकर पुण्यलाभ अर्जित करते हैं। इस क्षेत्र का नाम मां चंडिका के नाम पर ही रखा गया है। मंदिर का निर्माण होने के बाद नगर निगम प्रशासन द्वारा करीब दस साल पहले मंदिर परिसर तक पक्की सड़क का निर्माण कराया गया, जिससे क्षेत्र के लोगों को सुविधा मिली।

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि नगर निगम प्रशासन द्वारा मंदिर तक सड़क का निर्माण कराने के बाद आज तक इस क्षेत्र की सुध नहीं मिली। क्षेत्र के नागरिक दिनेश तिवारी ने बताया कि इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग निवास करते हैं। नगर निगम सीमा में आने और नेशनल हाईवे से लगे होने के बाद भी नगर निगम ने आज तक इस क्षेत्र की सुध नहीं ली। चंडिका नगर के अधिकांश हिस्सों में आज तक सड़क का निर्माण नहीं कराया गया। लोगों को आज भी कच्ची सड़क से होकर गुजरना पड़ता है। चंडिका नगर क्षेत्र के लोगों ने कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं नगर निगम आयुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे से इस क्षेत्र में विकास कार्य कराने की मांग की है।

### बरसात के दिनों में होती है परेशानी

चंडिका नगर के नागरिकों ने बताया कि सबसे ज्यादा परेशानी बरसात के दिनों में होती है। बारिश के मौसम में सड़क पर कीचड़ का साम्राज्य हो जाता है। जिसकी वजह से आवागमन कष्टदायक हो जाता है। इसी मार्ग से स्कूल के छात्र निकलते हैं। कीचड़ होने की वजह से कई बार उनके कपड़े भी खराब हो जाते हैं। सड़क में गड्ढे भी बने हुए हैं, जिससे आवागमन के दौरान लोग दुर्घटना का भी शिकार होते हैं। इसके अलावा बरसात के मौसम में जीव-जंतुओं का भी खतरा बना रहता है। इसी क्षेत्र से कोहारी नदी होकर गुजरी है। नदी में पानी बढ़ने पर चंडिका नगर में घुस जाता है, जिससे लोग परेशान होते हैं।

### बिजली के खंभे लगे, लेकिन स्ट्रीट लाइट आज तक नहीं लगी

क्षेत्र के लोगों ने बताया कि नगर निगम द्वारा चंडिका नगर क्षेत्र में प्रकाश की भी व्यवस्था नहीं की गई है। इस क्षेत्र की अधिकांश गलियों में बिजली के खंभे लगे हैं लेकिन स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गई है। जिसके चलते शाम होते ही पूरे क्षेत्र अंधकार छा जाता है और रात के अंधेरे में लोगों में आवागमन में कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



**ठेकेदार ने दूसरे सिरे पर शुरू किया काम, लोगों को मिलेगी जाम से मुक्ति**

## नए साल में मिलेगी कटनी नदी के नए पुल की सौगात

**कटनी।** पिछले 13 साल से अधर में लटके कटनी नदी के नए पुल का निर्माण अब पूरा होता दिख रहा है। कटनी नदी के सिरे पर काम पूरा होने के बाद अब निर्माण एजेंसी द्वारा दूसरे सिरे पर भी तेज गति से काम किया जा रहा है। जिससे इसके नए साल 2022 में पूरा होने की उम्मीद है। पुल का निर्माण होने के बाद शहर के लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी। विदित हो कि शहर के अंदर से होकर गुजरे राष्ट्रीय राजमार्ग की वजह से मिशन चौक से लेकर आजाद चौक, चांडक चौक तक हर दिन जाम की नौबत आती थी। जिसके चलते राज्य सरकार द्वारा कटनी नदी पर नए पुल निर्माण की योजना तैयार की गई थी। वर्ष 2008 में इसका भूमिपूजन हुआ था लेकिन आज 13 साल बीतने के बाद भी इसका निर्माण पूरा नहीं हो पाया। कभी ड्राइंग डिजाइन तो कभी अन्य कारणों से ब्रिज का निर्माण अधर में लटका रहा। इस पूरे मामले में ठेकेदार की लापरवाही भी सामने आई। तकनीकी अड़चनें दूर होने के बाद दो साल पहले ठेकेदार ने नदीपार छोर से ब्रिज का काम एक बार फिर शुरू किया लेकिन निर्माण होते ही ब्रिज का एक हिस्सा भरभराकर गिर गया। इससे निर्माण पर ही सवाल उठने लगे। रायपुर से आए विशेषज्ञों द्वारा पुल को गिराया गया और दूसरी बार काम शुरू हुआ। एक छोर पर काम पूरा होने के बाद अब ठेकेदार दूसरे सिरे पर काम शुरू किया है। ब्रिज कार्पोरेशन के अधिकारियों की मानें तो नए साल में कटनी को नए पुल की सौगात मिल जाएगी। इससे शहर के लोगों को जाम से मुक्ति मिलेगी।

## 7 लाख से अधिक मतदाता चुनेंगे गांवों की सरकार

**बड़वारा में सबसे ज्यादा मतदाता तो रीठी में सबसे कम, जिले में बनाए गए 1396 मतदान केन्द्र**

**पंचायत चुनाव पर एक नजर : मतदाता और मतदान केन्द्र**

| जनपद पंचायत | मतदान केन्द्र | मतदाता | अन्य मतदाता |
|---|---|---|---|
| बड़वारा | 271 | 154594 | 03 |
| कटनी | 195 | 113946 | 03 |
| बहोरीबंद | 263 | 152507 | 18 |
| ढीमरखेड़ा | 245 | 135301 | 01 |
| रीठी | 169 | 97750 | 04 |
| विजयराघवगढ़ | 253 | 140196 | 02 |
| **कुल योग** | **1396** | **794294** | **31** |




**कटनी।** स्थानीय निर्वाचन को लेकर जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। जिले में तीन चरणों में पंचायत निर्वाचन होने हैं। जिसमें प्रथम चरण में बहोरीबंद व रीठी, द्वितीय चरण में बड़वारा व कटनी और तृतीय चरण में विजयराघवगढ़ व ढीमरखेड़ा में चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। जिले में शांतिपूर्ण निर्वाचन कराने जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं को दुरूस्त कराया जा रहा है और संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केन्द्र भी चिन्हित किए गए हैं। स्थानीय निर्वाचन के लिए जिले के 6 विकासखंडों में मतदान केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। तीन चरणों में मतदान के लिए जिले में कुल 1396 मतदान केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। जिसमें सर्वाधिक 271 मतदान केन्द्र बड़वारा जनपद पंचायत क्षेत्र में होंगे। इसके अलावा कटनी में 195, बहोरीबंद में 263, ढीमरखेड़ा में 245, रीठी में 169 और विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र में 253 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

### बड़वारा जनपद पंचायत सर्वाधिक मतदाता


1396 मतदान केन्द्रों में होने वाले मतदान में 7 लाख 94 हजार 294 मतदाता अपने मत का उपयोग करेंगे। जिसमें सबसे अधिक 1 लाख 54 हजार 594 मतदाता बड़वारा जनपद पंचायत क्षेत्र में हैं। इसके अलावा कटनी जनपद पंचायत में एक लाख 13 हजार 946, बहोरीबंद में एक लाख 52 हजार 507, ढीमरखेड़ा में एक लाख 35 हजार 301, रीठी में 97 हजार 750 और विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र में एक लाख 40 हजार 196 मतदाता मतदान दिवस पर मत डालेंगे।

### बहोरीबंद में सबसे अधिक अन्य मतदाता

स्थानीय पंचायत निर्वाचन में महिला एवं पुरूष मतदाताओं के साथ ही अन्य को भी शामिल किया गया है। पंचायत चुनाव में जिले के आधा दर्जन विकासखंडों में 31 अन्य मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। जिसमें से सर्वाधिक 18 मतदाता बहोरीबंद जनपद पंचायत क्षेत्र के हैं। इसके अलावा कटनी जनपद क्षेत्र में 3, बड़वारा में 3, ढीमरखेड़ा में 1, रीठी में 4 और विजयराघवगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र में 2 अन्य मतदाता शामिल हैं। वहीं छह विकासखंडों में 4 लाख 2 हजार 104 पुरूष और 3 लाख 92 हजार 159 महिला मतदाता अपने मत का उपयोग पंचायत चुनाव में करेंगी। विदित हो कि जिले में पंचायत चुनाव तीन चरणों में कराए जा रहे हैं। प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है।

## संक्रमण बढ़ा तो स्कूलों को फिर बंद करने की उठी मांग

**कटनी।** कोरोना वायरस के नए वेरिएंट को देखते हुए स्कूलों में ऑफलाइन क्लास बंद करने की मांग तेज हो गई है। अभिभावक जन कल्याण संघ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का ध्यान इस ओर दिलाया है। संघ ने राजस्थान तथा महाराष्ट्र में राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए आदेशों का हवाला देते हुए कहा है कि मध्यप्रदेश में सरकार द्वारा जारी किए निर्देशों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। सरकार ने 50 प्रतिशत क्षमता के साथ स्कूलों के संचालन की अनुमति दी है, लेकिन कतिपय निजी स्कूल 100 प्रतिशत कैपेसिटी के साथ संचालित कर रहे हैं। संघ ने यह भी कहा कि अगर 100 परसेंट कैपेसिटी के साथ स्कूल नहीं लगाया जाता है, तो ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन भी करना होगा। कटनी सहित प्रदेश के अनेक जिलों में 100 प्रतिशत कैपेसिटी के साथ स्कूल लगाए जा रहे हैं तथा आज भी कई स्कूलों में ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण अभिभावकों को विवश होकर अपने बच्चों को स्कूल भेजना पड़ रहा है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत पटेल ने कहा कि जब शादी जैसे बड़े आयोजन में अधिकतम 200 मेहमानों की छूट मध्यप्रदेश सरकार द्वारा दी गई है, तो स्कूलों को किस नियम के अंतर्गत यह अतिरिक्त सुविधा दी गई है कि वह 100 प्रतिशत क्षमता के साथ स्कूल का संचालन करें। प्रदेश के शिक्षा राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार द्वारा ऑनलाइन क्लास को चालू रखने के निर्देश शिक्षा विभाग को दिए थे लेकिन इन निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है। संघ ने कोरोना संक्रमण को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन क्लास संचालित करने के निर्देश जारी किए जाने की मांग की है।




**ऑफलाइन की बजाए ऑनलाइन क्लास शुरू करने की मांग की अभिभावक जन कल्याण संघ ने**

**किराये से देना है**
**सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति**
**सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति**
**पता- बीजेपी कार्यालय के सामने**
**जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)**
**मो. 8109417340**



## स्वच्छ भारत के सपनों को तार-तार कर रही तिलगवां पंचायत

**ग्राम पंचायत भवन के सामने फैली गंदगी, नहीं हो रही सफाई, फैल रही बीमारी**

**कटनी/रीठी।** स्वच्छता की अलख जगाने वाले स्वयं गंदगी के ढेर पर बैठे हुए हैं और स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत का सपना देखने वाले के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को कर्मचारी तार-तार करते हुए नजर आ रहे हैं। जिम्मेदार समय-समय पर स्वच्छता का संदेश देने का नाटक भी करते हैं, परंतु तस्वीरें कुछ और ही बयां करती है। इन तस्वीरों में देख सकते हैं कि ग्राम पंचायत तिलगवां के कार्यालय के सामने जब इतनी गंदगी फैली हुई है तो गांव का क्या हाल होगा। जिले के रीठी जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत तिलगवां में ग्राम पंचायत के सामने गंदगी का आलम पसरा हुआ है, वहीं गली चौराहों में भी रहवासी गंदगी से परेशान है। लोगों ने बताया कि इस गंदगी से उठने वाली बदबू से लोग बीमार हो रहे हैं। पंचायत मुखिया द्वारा गांव की सफाई नहीं कराई जा रही है। समग्र स्वच्छता अभियान का भी पालन नहीं किया जा रहा है। गांव से होकर गुजरने वाली मुख्य सड़क पर जगह-जगह कचरे का अंबार लगा हुआ है और जिम्मेदार अधिकारी भी इसी रास्ते से होकर निकलते हैं, फिर भी साफ सफाई पर उनकी नजरें इनायत नहीं हो रही। समग्र स्वच्छता अभियान का डंका पीटने वाली जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतों के यह हाल है। ग्राम पंचायत में गंदगी चारो तरफ देखी जा सकती है।

### ब्राम्हण सत्संग भवन में नेत्र शिविर कल

**कटनी।** ब्राम्हण समाज द्वारा हर महीने की 9 तारीख को नेत्र शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में कल 9 दिसंबर को नेत्र शिविर आयोजन किया गया है, जिसमे मरीजों की जांच कर उन्हें आपरेशन के लिए चित्रकूट भेजा जाएगा।

## सांसदों को निलंबित करने पर कांग्रेस ने निकाला पैदल मार्च

**कटनी।** कृषि कानूनों के खिलाफ संसद में केन्द्र सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करने पर कांग्रेस के 6 सांसदों को पूरे सत्र में निलंबित किए जाने से कांग्रेस में रोष व्याप्त हो गया है। सकार के इस रवैए को लेकर आज कांग्रेस ने स्टेशन रोड से कचहरी चौक एक किलोमीटर का पैदल मार्च निकाला। शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ पैदल मार्च कचहरी चौक पहुंचकर समाप्त हुआ, जहां कांग्रेस नेताओं ने केन्द्र सरकार के इस रवैए के खिलाफ जमकर निशाना साधा। जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष मिथलेश जैन ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा कांग्रेस के 6 सांसदों को संसद में सरकार के खिलाफ बोलने पर निलंबित किया गया है। यह सरकार की तानाशाही है। ग्रामीण अध्यक्ष गुमान सिंह ने कहा कि सरकार ने पहले काले कानून पारित किए और जब किसानों ने विरोध किया तो उसे रद्द किया और अब इसके खिलाफ बोलने पर इस तरह की कार्यवाही की जा रही है। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर




अध्यक्ष मिथलेश जैन, ग्रामीण अध्यक्ष गुमान सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राकेश जैन कक्का, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय पटेल, प्रशांत जायसवाल, रमेश सोनी, श्याम यादव, नमन जैन, अजय सोनी, आफताब अहमद सहित अन्य कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति रही।

## नुक्कड़ नाटक से जगाई स्वच्छता की अलख

**सलैया बड़गैंया में मनाया गया स्वयंसेवक दिवस**

**विजयराघवगढ़।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में सुश्री कीर्तिका कुहर व राजकुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में विजयराघवगढ़ विकासखंड के ग्राम सलैया बड़गैया के आंगनवाड़ी केंद्र में अंतराष्ट्रीय स्वयं सेवक दिवस के उपलक्ष्य में चित्रकला के कार्यक्रम में ग्राम एवं पड़ोसी ग्रामों के बालक बालिकाओं द्वारा भाग लिया गया, जिसमें अमन तिवारी, मयंक बड़गैंया, सुधांशु, अरमान, मानस, किशन, प्रिंस बड़गैया, कुमारी कविता, कु. गुड्डन तिवारी, खुशी बड़गैंया सहित स्वयं सेवक आदित्य बड़गैया एवं महक बड़गैया उपस्थित रहे।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत नेहरू युवा केन्द्र के स्वम सेवक आदित्य दुबे व महक बड़गैंया की उपस्थिति में युवाओं द्वारा नगर



परिषद क्षेत्र के संकटमोचन चौक में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगो को जागरूक कर स्वच्छता हेतु प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर अमन तिवारी, पूजा जयसवाल, भारती कोल, महेंद्र साहू, नेहा उरमलिया, सचिन सोनी, कान्हा तिवारी, नीरज उरमलिया, सुधीर पटेल, प्रदीप पटेल, आशीष बर्मन सहित युवाओं द्वारा लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता हेतु जागरूक किया गया।

mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।

Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com
NABH

# अवैध उत्खनन पर सरपंच-सचिव को नोटिस

**रीठी। रीठी जनपद क्षेत्र के अमगवां में नवीन पंचायत भवन के बाजू में किये जा रहे अवैध उत्खनन का मामला मीडिया द्वारा संज्ञान में लाये जाने के बाद रीठी तहसीलदार विजय द्विवेदी के निर्देश पर नायब तहसीलदार राजेश पांडेय ने गत दिवस हल्का पटवारी के साथ मौके पर चल रहे उत्खनन कार्य का निरीक्षण किया और बिना अनुमति पत्थर तथा मुरुम का उत्खनन होना पाये जाने पर अमगवां पंचायत के सरपंच और सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी कर एक सप्ताह में जवाब मांगा है।**

## मीडिया द्वारा संज्ञान में लाये जाने पर नायब तहसीलदार ने की कार्रवाई



उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत अमगवां में नवीन पंचायत भवन के बाजू से ग्राम पंचायत द्वारा पिछले कई दिनों से पत्थर और मुरुम का उत्खनन कराया जा रहा था। उत्खनन कार्य के लिए खनिज अथवा राजस्व विभाग से किसी तरह की कोई अनुमति प्राप्त नहीं की गई थी। अवैध उत्खनन कर निकाले जा रहे पत्थर और मुरुम का उपयोग पंचायत द्वारा कराये जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों में किया जा रहा था। चर्चा यह भी थी की उत्खनन कार्य में लगे मजदूरों को पंचायत सचिव द्वारा मनरेगा मद से मजदूरी का भुगतान किया जा रहा। यह मामला संज्ञान में आने के बाद रीठी तहसीलदार विजय द्विवेदी द्वारा नायब तहसीलदार राजेश पांडेय को हल्का पटवारी आदेश गुप्ता एवं अन्य कर्मचारियों के साथ मौके का निरीक्षण करने भेजा गया। उत्खनन कार्य का निरीक्षण करने पहुंची टीम ने पाया की पंचायत के नवीन भवन के बाजू से 60 फुट चौड़े और 80 फुट लंबे भू भाग पर उत्खनन कार्य किया गया है। उत्खनन कर निकाले गए पत्थर और मुरूम का उपयोग चबूतरा एवं नाली निर्माण तथा एप्रोच रोड की फिलिंग में किया जाना पाया गया। नायब तहसीलदार द्वारा मौके पर उपस्थित रोजगार सहायक एवं ग्रामीणों के बयान लेकर पंचनामा तैयार कराया।



मौके से कुछ पत्थर और मुरुम की जप्ती भी बनाई गई है। निरीक्षण में पंचायत द्वारा बिना अनुमति पत्थर और मुरुम का उत्खनन किया जाना पाये जाने पर सरपंच और सचिव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जवाब सन्तुष्टजनक नहीं पाये जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### मस्टर रोल की भी होगी जांच

खनन कार्य में लगे मजदूरों द्वारा मनरेगा के तहत स्विमिंग पूल निर्माण में मजदूरी किये जाने की बात कहे जाने पर पंचायत सचिव ने बताया कि स्विमिंग पूल प्रस्तावित है, अभी स्वीकृति नहीं मिली। रीठी जनपद के सी ई ओ ज्ञानेंद्र मिश्रा ने बताया कि इंजीनियर को ताक़ीद की गई है कि वे बिना स्वीकृति कोई भी ले आउट तैयार न करें। उन्होंने यह भी कहा कि मनरेगा के मस्टर रोल की भी जांच की जाएगी अगर मस्टर रोल में उन मजदूरों की हाजरी पाई गई जो उत्खनन में लगे थे तो इस पर प्रथक से कार्रवाई की जाएगी।

**देर रात कैमोर के डंपर रोड में हुई दुर्घटना,एक अन्य ज़ख्मी**

# सड़क हादसे में 17 वर्षीय किशोर का करुण अंत




**कैमोर।** कैमोर थाना क्षेत्र के डंपर रोड में कल देर रात हुए सड़क हादसे में एक 17 वर्षीय किशोर का करुण अंत हो गया। हादसे की जानकारी मिलने के बाद कैमोर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय स्वास्थ्य केंद्र विजयराघवगढ़ भिजवाया। दर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन का अभी पता नहीं चल पाया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध धारा 304, के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश प्रारम्भ कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमहटा निवासी राजू बर्मन का 17 वर्षीय पुत्र निखिल उर्फ गुल्ला बर्मन अपनी मां रजनी बर्मन के साथ कैलाश नगर में रहता था। मां रजनी बर्मन घरों में बर्तन ,झाड़ू का काम करती है। निखिल भी शादी समारोहों में वेटर का काम करता था। कल रात भी निखिल उर्फगुल्ला अपने एक साथी आशीष गुप्ता के साथ किसी शादी समारोह में काम करने गया था। देर रात दोनों काम खत्म करके एक दुपहिया वाहन से डंपर रोड होते हुए कैमोर आ रहे थे तभी किसी अज्ञात वाहन ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। इस गुर्घटना में निखिल बर्मन को काफी गंभीर चोट आई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसके साथी आशीष गुप्ता को भी चोटें आई हैं पर उसकी हालत ठीक बताई जा रही। देर रात हुए इस सड़क हादसे की जानकारी पुलिस को देर से मिली। जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने अधिकार में लिया और पोस्ट मार्टम के लिए विजयराघवगढ़ भिजवाया। आज सुबह पोस्ट मार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। बताया गया कि रजनी बर्मन का पति राजू बर्मन अपनी पत्नी से अलग अमहटा में रहता है जबकि रजनी अपने पुत्र निखिल के साथ कैलाश नगर में रहती है। मां- बेटे घरों और शादी पार्टियों में काम करके अपना गुजारा करते थे।

# जूनियर अधिवक्ताओं को मिले 5 हजार रूपए मासिक स्टाईपेंड

**डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर जिला अधिवक्ता संघ की बैठक का आयोजन**



**कटनी।** जिला अधिवक्ता संघ द्वारा संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ कार्यालय में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संघ के अध्यक्ष एड.अमित शुक्ला के साथ ही अन्य अधिवक्ताओं द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनका भावभीना स्मरण किया गया। संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर, जो कि पेशे से वकील थे और भारत सरकार के प्रथम विधि मंत्री बने। उनकी पुण्यतिथि पर जिला अधिवक्ता संघ की समान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष संतोष, वरिष्ठ सदस्यों एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही। अधिवक्ताओं द्वारा बैठक में अपने सुझावों से अवगत कराया गया। संघ के जिलाध्यक्ष अमित शुक्ला ने अधिवक्ताओं के सहयोग के आभार व्यक्त किया। बैठक के प्रारम्भ में अधिवक्ता प्रदीप तिवारी ने बाबा साहब को याद किया एवं जूनियर अधिवक्ताओं को व्यवहारिक ट्रेनिंग की व्यवस्था किये जाने का सुझाव दिया, साथ ही स्टेट बार एवं राज्य सरकार को जूनियर अधिवक्ताओं को 5 हजार रूपए मासिक स्टाईपेंड दिए जाने हेतु मांगपत्र भेजे जाने का सुझाव दिया। अधिवक्ता रविन्द्र गुप्ता ने आम सभा की बैठक को नई परिपाटी बताया एवं ऐसी बैठकों को निरन्तर आयोजित करने की सलाह दी। अधिवक्ता देवेंद्र दुबे ने लाइब्रेरी के निर्माण की आवश्यकता बताई। अधिवक्ता राजेंद्र विश्वकर्मा ने अधिवक्ता संघ की टिकट को सस्ती किए जाने की मांग की। अधिवक्ता अंजुलता परौहा ने अधिवक्ताओं को सफाई का ध्यान रखने की सलाह दी। अधिवक्ता राजकुमार बक्शी ने अधिवक्ताओं के आयुष्मान कार्ड बनाने की बात कही। पुस्तकालय प्रभारी अधिवक्ता संदीप नायक ने समरी ट्रायल में अधिवक्ता मेमो एवं अधिवक्ता कल्याण टिकट को अनिवार्य किए जाने की मांग की। अधिवक्ता अनुज तिवारी ने अधिवक्ता संघ परिसर में पीने के लिए साफ पेयजल की व्यवस्था करने की मांग की। अधिवक्ता राजेश खासकलम ने न्याय शुल्क टिकट एवं स्टांप की उपलब्धता पर चिंता जताई। अधिवक्ता विष्णु बाजपेई ने कहा कि अधिवक्ता संघ का लोकल बायलॉज बनाया जाए, साथ ही कार्यकारिणी के निर्णय को सार्वजनिक किए जाने की मांग की। बैठक में संतोष गर्ग, विनय दाहिया, वीरेंद्र मिश्रा, नानक देवानी ओंकार तिवारी, अंजू रेखा तिवारी सहित अन्य अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही।

# सामाजिक, जातिगत एवं धार्मिक भावनाएं भड़काने वाली पोस्ट डाली तो होगी कार्रवाई

**सोशल मीडिया का दुरुपयोग रोकने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी**

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रियंक मिश्रा ने जिले की राजस्व सीमा के भीतर दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। इस आदेश के अनुसार कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, वॉट्सएप, ट्विटर, हाईक, एसएमएस, इन्स्टाग्राम इत्यादि का दुरुपयोग कर धार्मिक और सामाजिक जातिगत भावनाओं एव विद्वेष को भड़काने के लिये किसी भी प्रकार के संदेशों का प्रसार नहीं करेगा। इसके साथ ही कोई भी व्यक्ति उपरोक्त सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफॉर्म में किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक एवं उन्माद फैलाने वाले संदेश, फोटो, ऑडियो, वीडियो इत्यादि भी शामिल हैं, जिनमें धार्मिक, सामाजिक, जातिगत भावनायें भड़क सकती हैं अथवा साम्प्रदायिक विद्वेष पैदा होता है, उन्हें ना ही पोस्ट लिखेगा और ना ही भेजेगा। सोशल मीडिया के किसी भी पोस्ट जिसमें धार्मिक साम्प्रदायिक एवं जातिगत भावना भड़कती हो, ऐसे कमेन्ट, लाईक, शेयर या फॉरवर्ड नहीं किया जा सकेगा। ग्रुप एडमिन की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी कि वह ग्रुप में इस प्रकार के संदेशों को रोके। जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के तहत कोई भी व्यक्ति सामुदायिक, धार्मिक, जातिगत विद्वेष फैलाने या लोगों अथवा समुदाय के मध्य घृणा, वैमनस्यता पैदा करने या दुष्प्रेरित करने या उकसाने, अथवा हिंसा फैलाने का प्रयास उपरोक्त माध्यम से नहीं करेगा और ना ही इसके लिये प्रेरित करेगा। इसके साथ ही कोई भी अफवाह या तथ्यों को तोड़ मरोड़कर भड़काने या उन्माद उत्पन्न करने वाले संदेश जिससे लोग या समुदाय विशेष हिंसा या गैर कानूनी गतिविधियों में संलग्न हो जाये, सोशल मीडिया में प्रसारित करना प्रतिबंधित किया गया है। इन्हें सोशल मीडिया पर लाईक, शेयर या फॉरवर्ड करने तथा ऐसा करने के लिये किसी को प्रेरित नहीं किया जा सकेगा। कोई भी व्यक्ति, सामुदाय ऐसे संदेशों को प्रसारित नहीं करेगा, जिनसे किसी व्यक्ति, संगठन, सामुदाय आदि को एक स्थान पर एक राय होकर जमा होने उनसे या कोई विशेष कार्य या गैर कानूनी गतिविधियां करने हेतु आव्हान किया गया हो, जिससे काननू एवं शांति व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना विद्मान हो। सोशल मीडिया पर किसी का फर्जी प्रोफाईल बनाना या उसे प्रसारित करना दण्डनीय अपरा है। इस आदेश का उल्लंघन करने की दशा में संबंधित के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188, आईटी एक्ट 200 की विभिन्न नियमों तथा अन्य अधिनियमों के अंतर्गत दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।






# सर्किट हाऊस में राज्यपाल को दिया गार्ड ऑफआनर

**कलेक्टर, एसपी सहित जनप्रतिनिधियों ने भी किया स्वागत**

**कटनी।** मध्यप्रदेश के राज्यपाल महामहिम मंगुभाई पटेल अल्प प्रवास पर मंगलवार को कटनी पहुंचे। आधे घंटे सर्किट हाउस माधवनगर में ठहरने के बाद वे सड़क मार्ग से जबलपुर रवाना हो गए। रीवा से जबलपुर जाते समय कटनी प्रवास पर पहुंचे राज्यपाल श्री पटेल के सर्किट हाउस माधवनगर पहुंचने पर जिला सशस्त्र बल ने गार्ड ऑफ आनर दिया। मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल व भाजपा जिलाध्यक्ष ने उनका स्वागत किया और मुलाकात की। जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर प्रियंक मिश्रा व पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने राज्यपाल श्री पटेल का स्वागत किया। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय की ओर से राज्यपाल श्री पटेल को सशस्त्र झण्डा दिवस के उपलक्ष्य में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस का बैच लगाया गया। आधे घंटे सर्किट हाउस में ठहरने के बाद राज्यपाल श्री पटेल जबलपुर की ओर रवाना हुये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जगदीश चन्द्र गोमे, अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो सहित जिला प्रशासन, एएसपी मनोज केडिया, पुलिस विभाग, नगर निगम के अधिकारी व सुरक्षा को लेकर जिला पुलिस बल तैनात रहा।

# निर्वाचित हुई शिक्षक संघ की नई टीम



**कटनी।** म. प्र. शिक्षक संघ की प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार कटनी जिले के बहुप्रतीक्षित निर्वाचन 5 दिसम्बर को शासकीय प्राथमिक शाला खिरहनी में संपन्न हुए। कटनी जिला इकाई के लिए म. प्र. शिक्षक संघ पूर्व प्रांतीय उपाध्यक्ष निर्वाचन अधिकारी मनोज आरपुरे छिंदवाड़ा, पर्यवेक्षक अनिल सिंह अनूपपुर के द्वारा जिला कार्यकारिणी के अध्यक्ष 1, सचिव 1, कोषाध्यक्ष 1, जिला उपाध्यक्ष 5 तथा एक महिला उपाध्यक्ष आरक्षित, सहसचिव 5 एवं 1 महिला सहसचिव कार्यकारिणी सदस्य 9 एक महिला सदस्य पद हेतु जिला संयोजक गणेश शंकर गर्ग के संयोजकत्व निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ की गई। जिलाध्यक्ष हेतु एस. के. सिंह सोलंकी, सचिव पद हेतु गणेश शंकर गर्ग, कोषाध्यक्ष पद हेतु दिलीप प्यासी ने नामांकन भरा। इसी प्रकार जिला उपाध्यक्ष हेतु प्रमोद दुबे, रामकिशोर शर्मा, अरूण दहायत, यज्ञदश्र शुक्ला, डॉ. सुषमा मल्होत्रा, मनोज गुप्ता, सहसचिव हेतु आशीष कुमार उरमलिया, पूरनलाल सोनी, प्रदीप तिवारी, ए. खलको, जनता अहिरवार, श्रीमती गौरा कोरी तथा कार्यकारिणी सदस्य हेतु दामोदर मिश्रा, संजीत कुमार गर्ग, सुरेश कुमार कोल, जयप्रकाश बड़गैया, राजेन्द्र प्रसाद राय ने नामांकन पत्र भरा। जिला संयोजक गणेश शंकर गर्ग ने अपनी कुशल नेतृत्व क्षमता से आपसी सामंजस्य बनाते हुए जिला कार्यकारिणी का प्रजातांत्रिक तरीके से निर्वाचन निर्विरोध संपन्न कराने में सहयोग प्रदान किया। सभी पदों पर एक-एक फार्म भरे जाने के कारण समस्त कार्यकारिणी को निर्विरोध निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्वाचित घोषित किया गया। जिला संयोजक का दायित्व निर्वहन करते हुए गणेश शंकर गर्ग ने उपस्थित सभी विकासखण्डों से आये शिक्षकों, शिक्षिकाओं, मतदाताओं तथा जिले की समस्त नगर तहसील विकासखण्ड इकाई के पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। निर्वाचन पश्चात् निर्वाचन अधिकारी तथा पर्यवेक्षक ने निर्वाचन प्रमाण पत्रों का वितरण भी तत्काल किया। निर्वाचन के अंत में सह संयोजक एवं वर्तमान मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के निर्विरोध निर्वाचित जिलाध्यक्ष एस. के. सिंह सोलंकी ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# कटनी पहुंची स्वर्णकार कल्याण जागृति रथयात्रा

**कटनी।** मध्यप्रदेश स्वर्णकार समाज कल्याण समिति द्वारा आयोजित स्वर्णकार कल्याण जागृति रथ यात्रा का कटनी में भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश वर्मा सोनी, रथ यात्रा संयोजक देवदत्त सोनी ने समाज के अन्य पदाधिकारियों एवं सामाजिक बंधुओं को संबोधित करते मांग की कि सरकार स्वर्णकला बोर्ड का गठन करे इसके साथ ही हॉल मॉर्क कानून की अनिवार्यता समाप्त की जाए। धारा 411- 412 का दुरूपयोग रोकने थाना लेवल पर समिति बनाई जाए इसके अलावा स्वर्णकार समाज को राजनैतिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। पिछड़ा वर्ग आयोग एवं पिछड़ा वर्ग वित्त विकास निगम ने स्वर्णकारों को भी सदस्य बनाया जाए। किया। इस यात्रा में प्रदेशभर से स्वर्णकार बंधु एवं पदाधिकारी शामिल हुए। कटनी पहुंचने पर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी पल्लू ललित सोनी, आशीष सोनी पत्रकार, सुभद्रा रमेश सोनी, सुनील सोनी फग्गू, जय सोनी अज्जू श्रीमती रजनी सोनी, अभिषेक सोनी, सत्यम सोनी, राज सोनी, आशु सोनी, गुड्डा सोनी, प्रहलाद सोनी, मुकेश सोनी, अंशुल सोनी, गिन्नी अनुज सोनी, शुभम सोनी, सनी सोनी, केतन सोनी, शिवम सोनी आदि की उपस्थिति रही।

**न्यायालय अपर कलेक्टर/विशेष विवाह अधिकारी जिला कटनी, (म.प्र.)**

**क्रमांक/8941/ प्रवा.वि.अधि./2021 कटनी, दिनांक- 06/12/2021**

**द्वितीय अनुसूची (धारा 5 देखिये), विवाह रजिस्ट्रेशन की सूचना**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है आवेदक श्री प्रमोद कुम्हार पिता श्री तिजुआ कुम्हार (अविवाहित) निवासी ग्राम झिरिया नन्हवाराकलां तहसील विजयराघवगढ़ जिला कटनी पिन कोड- 483775 एवं आवेदिका कविता प्रजापति पिता श्री हीरालाल प्रजापति (अविवाहित) निवासी वार्ड नं.- 3 ग्राम बरहिया तहसील मैहर जिला सतना पिन कोड- 485774 द्वारा विवाह रजिस्ट्रेशन किये जाने बावत आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, एवं विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क 50/- रूपए चालान 26 दिनांक 18.11.2021 को भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा कटनी में जमा कर चालान की मूल प्रति एवं मतदाता परिचय पत्र पेश किया है, जो न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त आवेदक/आवेदिका का विवाह रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1984 की धारा -5 तहत विवाह रजिस्ट्रेशन होना आशियत है। यदि इस विवाह रजिस्ट्रेशन में किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति/एतराज/दावा हो तो इश्तहार जारी दिनांक से 30 दिवस के भीतर अथवा पेशी दिनांक 29/12/2021 को पूर्वान्ह तक स्वयं या अपने अभिभाषक/प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक को इस न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**आगामी तिथि- 29/12/2021**

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी**
**जिला-कटनी (म.प्र.)**

### शासकीय विश्राम गृह एवं सर्किट हाउस आवंटन के संबंध में अपर कलेक्टर ने जारी किये निर्देश

**कटनी।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021-22 की आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। जो कि 4 दिसम्बर 2021 से 23 फरवरी 2022 तक कटनी जिले में प्रभावशील रहेगी। अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। जिसके अनुसार इस निर्धारित अवधि में शासकीय विश्राम गृह एवं सर्किट हाउस में किसी भी राजनैतिक दल, अशासकीय व्यक्ति या समूह को किसी प्रकार की राजनैतिक बैठक, जुलूस, चुनाव प्रचार-प्रसार आदि गतिविधियां सम्पन्न करने की अनुमति नहीं दिये जाने के निर्देश अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो ने दिये हैं।

**ब्लॉक स्पॉटों में ब्रेकर- संकेतक लगाने की भी सिर्फ हुई है औपचारिकता**

# शहर के कई चौराहे ट्रैफिक सिग्नल प्रणाली से वंचित



**कटनी।** जिले में लगातार हादसे बढ़ रहे हैं। असमय लोग दानवी गति से भाग रहे वाहनों का शिकार बनते हैं और काल के गाल में समा रहे हैं। 2020 के आखिरी तक 50 फीसदी हादसों में लगाम लगाया जाना था। जिसके लिए कई कवायदें शुरू की गई। शहर सहित उपनगरीय व ग्रामीण क्षेत्र में दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में स्पीड ब्रेकर, संकेतक, रिफ्लेक्टर आदि न होने के कारण हो रहे हादसों और विभाग द्वारा यहां पर प्रक्रिया पूरी न कराए जाने को लेकर हो रहे हादसों पर कई बार पुलिस का ध्यान आकर्षित कराया गया। जिसके बाद विभागीय अधिकारी हरकत में आए और कार्रवाई शुरू की गई लेकिन फिर कार्रवाई ठंडे बस्ते में चली गई है। गौरतलब है कि पन्ना नाका सिग्नल, कटायेघाट मोड़ पर सिग्नल, मिशन चौक अंडरपास के नीचे की रोड का समतलीकरण, अग्रवाल कॉलोनी रोड को बनाने के लिए नगर निगम को पत्राचार किया गया है। इसके अलावा शहर के फुटपाथ पर जो मनमाने तरीके से दुकानें लग रही हैं उन पर रोक लगाने के लिए नगर निगम को यातायात पुलिस द्वारा पत्राचार किया गया है लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई सार्थक पहल नहीं हुई है। पूर्व में यातायात प्रभारी लगातार कटनी जिले के समस्त ब्लैक स्पॉट्स का निरीक्षण किया गया था। दुर्घटनाओं के कारणों का पता लगाया और उन कमियों के दूर करने का प्रयास शुरू किए गए लेकिन संपूर्ण व्यवस्थाएं नहीं हुई हैं। उल्लेखनीय है कि पन्ना नाका में लगातार हादसे हो रहे हैं। हाल ही में बस एक्सीडेंट में एक युवक की मौत हो गई है।

### 23 स्थानों पर होनी थी व्यवस्थाएं

यातायात पुलिस द्वारा विभिन्न सरकारी रोड निर्माण एजेंसियों से पत्राचार कर व्यवस्थाएं कराई गई थीं। एमपीआरडीसी, नगर निगम, नेशनल हाइवे, पीडब्ल्यूडी आदि से चर्चा कर हादसों को रोकने की पहल की जानी थी। 23 ब्लॉक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं। जिले के जिन ब्लैक स्पॉटों का निरीक्षण किया गया हादसों को रोकने के लिए जो व्यवस्था करने चर्चा हुई। लोगों ने भी समस्या बताई उसपर काम किया जाना था। रफ्तार अधिक होने के कारण ही हादसे बढ़ रहे हैं। आबादी क्षेत्रों में स्पीड ब्रेकर से रफ्तार पर लगाम लगाई जानी है। यातायात पुलिस के पास तेज रफ्तार से चलने वाले वाहनों पर कार्रवाई करने के लिए मशीन भी है लेकिन सिर्फ उसमें औपचारिकता हो रही है।

**इनका कहना है**

नगर निगम को लगातार इस संबंध में लगातार पत्राचार किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा बताया गया है कि टेंडर प्रक्रिया सिग्नल के लिए चल रही है। पन्ना नाका और कटायेघाट मोड़ पर सिग्नल सिस्टम बेहद आवश्यक है। शीघ्र ही वरिष्ठ अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर इसमें आवश्यक पहल की जाएगी।

**विनोद दुबे, यातायात प्रभारी**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंजीकृत भागीदार फर्म मेसर्स सावित्री मिनरल्स पंजीयन क्रमांक 1847/1986-87 है। यह कि फर्म का मुख्य कार्यालय 241/1 साकेत नगर बल्देव बाग जबलपुर पोस्ट ऑफिस जबलपुर जिला जबलपुर (म.प्र.) 482005 था, जो की बंद हो गया है। वर्तमान में फर्म का मुख्य कार्यालय दिनांक 17/11/2021 से ग्राम टिकरिया, पोस्ट निवार तहसील एवं जिला कटनी (म.प्र.) पिन कोड 483442 हो गया है। इसके अलावा हमारा और कहीं भी कार्यालय नहीं है।

**आदेशानुसार**
**आनंद शर्मा, भागीदार, सावित्री मिनरल्स**

# युवती की शिनाख्त पुलिस के लिए चुनौती

## बरही के खन्ना बंजारी स्टेशन के पास झाड़ियों से युवती का अर्धनग्न शव बरामद होने का मामला

**कटनी/बरही। बरही थाना अंतर्गत कटनी-सिंगरौली रेलखंड के खन्ना बंजारी रेलवे स्टेशन के समीप तैयब नगर के पास मंगलवार की शाम झाड़ियों में एक अज्ञात युवती का अर्धनग्न शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची बरही पुलिस ने पंचनामा कार्यवाई उपरान्त शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। वहीं पुलिस शव की शिनाख्तगी में जुट गई है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक पुलिस को युवती की शिनाख्त में सफलता नहीं मिल सकी है। कुल मिलाकर युवती की शिनाख्त एक बार फिर बरही पुलिस के लिए चुनौती बन गई है।**

### बलात्कार में असफल आरोपियों पर हत्या का संदेह



पुलिस का मानना है कि युवती की शिनाख्त होने के बाद घटना से पर्दा उठ सकता है। इस संबंध में बरही थाना प्रभारी संदीप अयाची से प्राप्त जानकारी के मुताबिक अज्ञात युवती का शव अर्धनग्न अवस्था मे बरामद किया गया है। युवती कौन है, इसकी गंभीरता से शिनाख्तगी के प्रयास किए जा रहे है। नीले रंग की जैकेट पहने युवती के दाहिने हाथ के पंजे के ऊपर ओम लिखा हुआ है। गले मे काले धागे की एक माला पहने हुई थी। उंगली में एक रिंग भी पहने हुई थी। युवती की उम्र 20 से 24 साल के आसपास होगी।

### बगल में पड़े थे कपड़े

अज्ञात युवती के शव के पास ही उसके कपड़े पड़े हुए थे। साथ मे 2 पॉलीथिन भी मौके से बरामद की गई है, जिसमे कुछ जरूरी सामान रखे थे। शव की स्थिति को देखकर यह कयास लगाए जा रहे है कि युवती का बलात्कार करने के इरादे में असफल आरोपियों ने उसे मौत के घाट उतार दिया। बहरहाल युवती कौन व कहां की है। उसकी हत्या किन आरोपियों ने की इन सारे पहलुओं की पड़ताल करने में बरही पुलिस जुटी हुई थी।



### दो माह में मिला दूसरा अज्ञात शव

बरही थानाक्षेत्र के कुटेश्वर माइंस मार्ग स्थित बाणसागर के भराव क्षेत्र में बोरी में बंद एक प्रौढ़ का शव बरामद किया गया था। जिसकी शिनाख्तगी आज तक नही हो पाई और अब अज्ञात युवती का शव मिलने के बाद पुलिस शव की शिनाख्तगी को हर कोशिश में जुटी हुई है। बहरहाल खबर लिखे जाने तक पुलिस पोस्टमार्टम होने का इंतजार कर रही थी। साथ ही युवती की शिनाख्तगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# प्रौढ़ से 5 लीटर कच्ची शराब जप्त

**कटनी।** अवैध रूप से शराब का विक्रय करने वाले आरोपी को पकड़कर पुलिस ने उसके विरूद्ध अपराध कायम किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम हनुमान हरदुआ में 50 वर्षीय घल्लू बर्मन कच्ची शराब का विक्रय करता है। टीआई सुधाकर बारस्कर ने टीम को तस्दीक के लिए भेजा। जहां पुलिस ने आरोपी को शराब बेचते रंगे हाथों पकड़ा। घल्लू बर्मन के कब्जे से पुलिस ने पांच लीटर कच्ची शराब जप्त करने के साथ ही उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध कायम किया है।

# गौवंश की तस्करी करते ट्रक जप्त,चालक फरार

### 3 गौवंश मिले मृत, 38 को पुलिस ने कराया मुक्त

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र की बिलहरी पुलिस चौकी के अंतर्गत ट्रक में क्रूरता पूर्वक गौवंश ले जाने पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने ट्रक में लोड गौवंश बैलों को मुक्त कराया है और ट्रक को जप्त कर चालक के विरूद्ध कार्रवाई की है।

**बड़गांव में बिलहरी चौकी पुलिस की कार्रवाई**

बताया जाता है कि मंगलवार की सुबह बिलहरी पुलिस प्रभारी बिलहरी उपनिरीक्षक के.के पटेल को सूचना मिली कि ग्राम बड़ागांव के पास ट्रक के अंदर जानवरों को अवैध रूप से क्रूरता पूर्वक भरकर वध करने लेकर जाया जा रहा है। सूचना पर चौकी प्रभारी के के पटेल, दुर्गा दत्त मिश्रा, प्रधान आरक्षक रमाकांत तिवारी के साथ मौके पर पहुंचे। बड़ागांव में पानी की टंकी के पास ट्रक चालक चालू हालत में ट्रक छोड़कर फरार हो गया। तलाश के दौरान 41 नग गौवंश भूखे-प्यासे ठूंस-ठूंस कर भरे हुए थे। जिसमें से 38 नग मवेशी जीवित एवं 3 नग मवेशी मृत पाए गए। जिनकी मौके पर ट्रक क्रमांक एम.एच.41एजी-7515 सहित जप्ती की गई। जीवित पशुओं का पशु चिकित्सक से एमएलसी एवं मृत पशुओं का पीएम कराया गया। बाद जीवित पशुओं को दयोदय गौशाला में सुपुर्द नामा पर दिया गया। ट्रक को जप्त करते हुए अज्ञात चालक के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

# रुपयों से भरा थैला लेकर भागे बदमाश

### कैमोर के खलवारा बाजार में घटना

**कटनी।** कैमोर थाना अंतर्गत ग्राम खलवारा निवासी एक वृद्ध का रूपयों से भरा बैग लेकर बदमाश चंपत हो गए। बताया जाता है कि खलवारा निवासी 75 वर्षीय सच्चिदानंद दुबे खलवारा बाजार स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा गए थे, जहां से उन्होंने अपनी पेंशन के 20 हजार रूपए निकाले और थैले में रखकर उसे अपने दो पहिया वाहन में टांग लिया था। बैंक से चंद कदमों की दूरी पर ही एक मेडिकल से वृद्ध दवाइयां लेने लगे। इसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने उनका रूपयों से भरा थैला पार कर दिया। घटना का शिकार हुए प्रौढ़ ने थाने जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसके आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की पतासाजी प्रारंभ कर दिया है। पुलिस द्वारा सीसी टीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

## दो हजार रुपए का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**कटनी।** कोतवाली पुलिस ने फरार चल रहे डो हजार रूपए के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक सिविल लाइन क्षेत्र के कुचबंदिया मोहल्ला निवासी आरोपी छोटू उर्फ भूरा कुचबंदिया विरूद्ध कोतवाली में धारा 327 के तहत अपराध पंजीबद्ध था। आरोपी कई दिनों से फरार चल रहा था। जिसे उपनिरीक्षक अनिल यादव, अशोक उपाध्याय, आरक्षक नीरज तिवारी, गौरी शंकर सिंह की टीम ने पकड़ा और मंगलवार को न्यायालय में पेश किया। आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ने 2000 रूपए का ईनाम भी घोषित था।

# महिला को लगाई कोविशील्ड की जगह कोवैक्सीन

### पूछने पर अभद्रता करते हुए की मारपीट का आरोप

**कटनी।** पुरानी कचहरी परिसर के वैक्सीनेशन सेंटर में मंगलवार को गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। यहां पर मीना पाठक निवासी जालपा वार्ड दूसरे डोज की वैक्सीन लगवाने पहुंची। यहां के स्टॉफ ने कोविशील्ड की जगह पर कोवैक्सीन लगा दी है। इस पर जब महिला ने पूछा कि ऐसा क्यों कर दिया गया तो ज्योति पटेल, अरुण नामक कर्मचारी ने अभद्रता की व थप्पड़ जड़ दिया। इतना ही नहीं बाल पकड़कर घसीटने का भी आरोप लगाया है, जिसमें महिला को चोट भी आई है। पति मौके पर पहुंचे तो उनसे भी अभद्रता की गई। इसमें अन्य कर्मचारी भी शामिल रहे। मामले की शिकायत कोतवाली थाने में की गई है।

# पुलिस के बाद महिला आरटीओ अधिकारी की गांधीगिरी

### नियमों के तहत वाहन चलाते मिले आटो चालकों का दो=दो सौ रूपए देकर किया सम्मान

**कटनी।** पुलिस के बाद अब आरटीओ अमला भी गांधीगिरी पर उतर आया है। पुलिस जहां पूरे नियमों के तहत वाहन चलाने वाले चालकों को फूल देकर सम्मानित कर रही है। वहीं महिला आरटीओ वाहन चेकिंग के दौरान नियमों के तहत चलने वाले वाहन चालकों को नगद राशि देकर पुरूस्कृत किया जा रहा है। ऐसा ही नजारा मंगलवार को एनकेजे में दिखा। तीन ऑटो चालक नियम अनुसार ऑटो चलाते मिले। जिनका आरटीओ रमा दुबे ने दो-दो सौ रुपये देकर सम्मान किया व अन्य ऑटो चालाकों को प्रोत्साहित किया। मंगलवार को जिला परिवहन विभाग द्वारा ऑटो चालकों की जांच कार्रवाई एनकेजे में की गई। इस दौरान परिवहन अधिकारी सहित जितेंद्र सिंह, सुखेंद्र तिवारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। बिना परमिट, फिटनेस, लाइसेंस, यूनीफार्म, ओवरलोडिंग की जांच की गई। जानकारी के अनुसार एनकेजे में परिवहन विभाग ने जांच की। 26 ऑटो के दस्तावेज चेक किए गए। इस दौरान 4 ऑटो ऐसी मिलीं जिनके परिमिट नहीं थे। जिसमें एम.पी.21आर-2805, एम.पी.21आर-3652, एम.पी.21आर-3559, एम.पी.21आर-5072 शामिली है।



बिना परमिट के दौड़ रहे चार ऑटो जप्त, एनकेजे में अभियान चलाकर परिवहन विभाग ने की वाहन चेकिंग

जिन्हें जप्त कर न्यायालयीन प्रकरण बनाए गए। इसके अलावा एम.पी.21आर-3566, एम.पी.21आर-4312 सहित एक अन्य ऑटो के चालक नियम अनुसार ऑटो चलाते मिले। जिस पर महिला आरटीओ रमा दुबे ने दो-दो सौ रुपये देकर सम्मानित किया। वैसे वाहन चलाते समय नियमों का पालन नितांत आवश्यक है क्योंकि नियमों का पालन करने से हम स्वयं तो सुरक्षित रहते ही हैं साथ ही अन्य लोगों की जान खतरे में नहीं पड़ती और कार्रवाई से भी बचते हैं। भागम-भाग व रुपयों के लालच में अधिकांश ऑटो चालक जहां नियमों की धज्जियां उड़ते दिखते हैं तो वहीं कई वाहन चालक आज भी नियमों का पालन कर रहे हैं। इस दौरान मनमानी करने वाले ऑटो चालकों को हिदायत भी दी गई। नियमों का पालन करने समझाइश भी दी गई। आरटीओ ने कहा कि मनमानी करने वालों के खिलाफनिरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

### बेपरवाही पर होगी कठोर कार्रवाई-आरटीओ

आरटीओ रमा दुबे ने कहा कि शहर सहित ग्रामीण इलाकों में वाहन चालकों को नियमों का पालन करना होगा। ऑटो चालक न सिर्फ निर्धारित रूट में चलाएं बल्कि यूनीफॉर्म, समय पर बीमा-फिटनेस कराएं, लाइसेंस अनिवार्य है। नेम प्लेट व गाड़ियों में हेल्पलाइन नंबर जरूरी हैं। अभी ऑटो की जांच चल रही है। अभियान चलाकर बस सहित अन्य वाहनों की जांच होगी। बेपरवाही पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रक की ठोकर के बाद छोटा हाथी बहक कर खेत में घुसा

### बाल-बाल बचे चालक-परिचालक

**कटनी।** वाहनों की तेज रफ्तार अक्सर दुर्घटनाओं की वजह बन जाती है। इसके बावजूद चालक लापरवाही से बाज नहीं आ रहे हैं। तेज रफ्तार छोटा हाथी यानी चार पहिया वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क छोड़कर खेत में जा घुसा। घटना विजयराघवगढ़ क्षेत्र की है जहां कटनी मार्ग पर हरदुआकला-भैंसवाही के बीच चार पहिया वाहन खेत में जा घुसा। हालांकि दैवयोग से चालक और कंटक्टर बाल बाल बच गए। चालक को मामूली चोटें आई हैं। चालक ने बताया वे विजयराघवगढ़ की तरफ से कटनी जा रहे थे तभी सामने से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दिया। जिससे वाहन बेलगाम हो गया और खेत में जा घुसा।

# अस्थि रोग विशेषज्ञ ने मेडिकल बनाने सिपाही से मांगे रूपए

### आरोप लगाकर की कार्रवाई की मांग

**कटनी।** जिला अस्पताल में पदस्थ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ.पी.डी.सोनी पर मेडिकल बनाने के नाम पर रुपये मांगने का आरोप पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक शक्तिपाल सिंह ने लगाए हैं। इस आरोप से चिकित्सकों में जहां खलबली मच गई तो वहीं व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस लाइन में पदस्थ आरक्षक का कहना है कि मेरे पसली में चोट लगी थी। डॉ.विकास गुप्ता के यहां इलाज चल रहा है। मेडिकल के लिए डॉ.पी.डी.सोनी के यहां पहुंचे। उन्होंने मेडिकल बनाने के लिए दस्तावेज दिखाए तो कहा कि 15 दिन के मेडिकल के लिए तीन हजार रुपये, एक माह 15 दिन का 1500 रुपये लगेंगे। मुझे बताया गया कि 15 दिन के लिए 1500 रुपये लगते हैं। मुझे रिपोर्ट बनवाने के लिए रुपये देना उचित नहीं लगा, इसलिए रुपये नहीं दिए और इसका विरोध किया। वहीं इस मामले को लेकर अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ.पी.डी.सोनी का कहना है कि पुलिस कर्मचारी ने डॉ.विकास गुप्ता के यहां इलाज कराया है। वो स्वस्थ हैं, बढिया़ चल-फिर रहे हैं। झूठी रिपोर्ट बनवा रहे थे इसलिए मना कर दिया है। सरकारी कर्मचारी हैं तो सरकारी अस्पताल में आकर दिखाएं, मरीज की मर्जी अनुसार रिपोर्ट नहीं बनती। मरीज व समस्या के आधार पर मेडिकल बनता है। स्वार्थपूर्ति न होने पर झूठा आरोप मढ़ रहे हैं। इस मामले को लेकर प्रभारी सीएस डॉ.एस.पी.सोनी का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है। लिखित में शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में संबंधित चिकित्सक से भी पूछताछ की जाएगी।

# शहर में बेखौफ बाइक चोर

### दो मोटर सायकल फिर चोरी

**कटनी।** कटनी में चोर कितने बेखौफ हैं इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अभी एक दिन पहले एक बदमाश को पकड़कर पुलिस ने उससे चोरी की दो मोटर सायकल बरामद करने के बाद फुर्सत ही हुई थी कि बेखौफ बदमाश शहर के जालपा वार्ड व चौपाटी क्षेत्र से फिर दो मोटर सायकल लेकर चंपत हो गए। पुलिस ने चोरी की सूचना पर चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि जालपा वार्ड निवासी शैलेन्द्र सिंह की 12 हजार रूपए कीमती मोटर सायकल क्रमांक एम.पी.21एमडी-6265 को संस्कार भारती स्कूल के पीछे से अज्ञात बदमाशों ने पार कर दिया। इसी प्रकार मिशन चौक निवासी संजय साहू की 65 हजार रूपए कीमती मोटर सायकल क्रमांक एम.पी.21एमजे-0784 को चौपाटी में पान दुकान के सामने से अज्ञात बदमाश लेकर चंपत हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है।







पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist

डॉ. स्मिता बजाज

MBBS, DTCD, CCEDM

टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट

मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना

नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है।

संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)

कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी

फोन-07622-236253, मो. 6266203009







देवपद स्किन एवं हेयर क्लीनिक

डॉ. कनिका अग्रवाल

M.B.B.S. D.D.V. (Mumbai)

सौन्दर्य एवं चर्मरोग विशेषज्ञ

पूर्व चिकित्सक नानावटी हॉस्पिटल मुम्बई

कील मुहॉसे, दाद, खाज, खुजली, एलर्जी, टेनिंग, सफेद दाग, कुष्ठ रोग, मस्सा, तिल, कार्न वार्ट, सोराएसिस, एक्जीमा, एंटी एजिंग, नाखुन के रोग, बाल झड़ना, शिशु चर्मरोग, कान की सिलाई, पी.आर.पी केमिकल पीलिंग, मेडिफेशियल, डर्मारोलर

मिलने का समय-सुबह 9:30 बजे से दोप.11:30 बजे तक एवं सायं 4:30 बजे से सायं 7:30 बजे तक।

महावीर कीर्ति स्तंभ के सामने झंडा बाजार, कटनी मो. 7045044274






स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)